दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



बॉर्डर 2 का ट्रेलर देख ........

वेब सीरीज में दिखेगा .......

वर्ष : 12 | अंक : 27 | लखनऊ, 18 जनवरी ,रविवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### पीएम ने एमजीआर को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रसिद्ध अभिनेता एम.जी. रामचंद्रन



(एमजीआर) की जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है और उनके द्वारा समाज के लिए किए गए कार्यों को भी याद किया है। पीएम मोदी ने एमजीआर के जीवन पर आधारित वीडियो पोस्ट कर तमिलनाडु की प्रगति में उनके अमूल्य योगदान को याद किया।

### भारती को झटका लगा भाजपा विधायक की जीत

नई दिल्ली। मालवीय नगर सीट पर फरवरी 2025 में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के



सतीश उपाध्याय ने आप के सोमनाथ भारती को हराया था। उपाध्याय ने 39,564 मत हासिल कर जीत दर्ज की थी, जबकि भारती निकटतम प्रतिद्वंद्वी थे। भारती ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। 'भ्रष्ट आचरण' का आरोप लगाया था।

### समय पर डिलीवर नहीं तो लगा 40 हजार जुर्माना

अल्मोड़ा। जिला उपभोक्ता आयोग ने ऑनलाइन खरीद के एक मामले में अहम फैसला सुनाया है।



आयोग ने मीशो और रविंद्र इंडस्ट्रीज को 313 रुपए के जूते समय पर डिलीवर न करने और नोटिसों की अनदेखी करने के लिए अनुचित व्यापार व्यवहार का दोषी पाया। कंपनी को अर्थदंड समेत कुल मिलाकर लगभग 40,000 का जुर्माना लगाया।

### फरीदाबाद के होटल में मैनेजर समेत 8 पर केस

फरीदाबाद। गणतंत्र दिवस के मद्देनजर फरीदाबाद के एनआईटी तीन स्थित होटल पैराडाइज में



पुलिस ने रूटीन चेकिंग की। होटल में बिना अनुमति शराब परोसी जा रही थी और देर रात तेज संगीत पर डांस पार्टी चल रही थी। पुलिस के पहुंचते ही भगदड़ मच गई। पुलिस ने मैनेजर सहित आठ लोगों को पकड़ा और उनके खिलाफ मामला दर्ज किया।

### चर्चित कथावाचक श्रवण दास गिरफ्तार

दरभंगा। धर्म और आस्था की आड़ में महिलाओं की अस्मत से खिलवाड़ करने का एक



सनसनीखेज मामला सामने आया है। चर्चित कथावाचक श्रवण दास जी महाराज को महिला थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। महाराज पर महिला के साथ शादी का झांसा देकर एक साल तक यौन शोषण करने और फिर जबरन गर्भपात कराने का आरोप लगा है।

---

### मालदा की रैली में तृणमूल कांग्रेस पर बरसे प्रधानमंत्री मोदी

# यहां घुसपैठिए लोगों का हक छीन रहे निर्दयी-भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकें

भाजपा सरकार बनते ही होगी 'बाहरियों' पर कार्रवाई

## ममता सरकार केंद्र की योजनाओं से लोगों को कर रही वंचित



राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

पश्चिम बंगाल के मालदा में रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्र सरकार की योजनाओं, भाजपा के विस्तार और तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखे हमलों के साथ बड़ा राजनीतिक संदेश दिया। पीएम मोदी ने कहा कि वह चाहते हैं कि बंगाल के हर गरीब परिवार के पास पक्का घर हो, हर जरूरतमंद को मुफ्त राशन मिले और केंद्र सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ गरीबों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से बंगाल में ऐसा नहीं हो पा रहा है।

- केंद्र का पैसा टीएमसी के नेता लूट रहे

उन्होंने घुसपैठ के मुद्दे को उठाते हुए टीएमसी सरकार पर बड़ा हमला बोला। रैली में उन्होंने कहा कि आप सभी लोगों का हक घुसपैठिए छीन रहे हैं। भाजपा सरकार बनते ही सभी घुसपैठिओं पर कार्रवाई करेंगे और बंगाल के लोगों का हक और उनके अधिकार सुरक्षित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार बेहद असंवेदनशील और निर्दयी रवैया अपना रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों के लिए जो पैसा भेजती है, उसे टीएमसी के नेता लूट लेते हैं। पीएम मोदी ने साफ कहा कि गरीबों के हक का पैसा गरीबों तक नहीं पहुंच रहा है।

### लोगों का विकास और सुशासन की राजनीति में विश्वास

पीएम मोदी ने कहा कि जिन इलाकों में वर्षों तक भाजपा के खिलाफ झूठ फैलाया गया और अफवाहें उड़ाई गईं, वहां भी अब मतदाता भाजपा को आशीर्वाद दे रहे हैं। उन्होंने पूरे भरोसे के साथ कहा कि इस बार बंगाल की जनता भाजपा को विजयी बनाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि देश का माहौल बदल चुका है और लोग विकास और सुशासन की राजनीति को प्राथमिकता दे रहे हैं।



मालदा जिले में सभा में प्रधानमंत्री को सम्मानित किया गया।

### भाजपा विकसित राष्ट्र के लक्ष्य पर काम कर रही

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य पर काम कर रहा है और इसके लिए पूर्वी भारत का विकास बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि दशकों तक पूर्वी भारत को नफरत की राजनीति ने जकड़ कर रखा, जिससे विकास रुक गया। पीएम ने दावा किया कि भाजपा ने पूर्वी राज्यों को इस राजनीति के चंगुल से बाहर निकाला है।

### हक छीनने वाली सरकार हटाएं

पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल देश का इकलौता राज्य है, जहां आयुष्मान भारत योजना लागू नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार जान-बूझकर बंगाल के लोगों को इस योजना का लाभ नहीं लेने दे रही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से देश के लाखों परिवारों का बिजली बिल जीरो हो गया है, लेकिन बंगाल में यह योजना बंद है। पीएम ने जनता से अपील की ऐसी निर्दयी सरकार को विदा करें।

### टीएमसी सरकार भ्रष्टाचार में डूबी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं चाहता हूं कि बंगाल के हर बेघर के पास अपना पक्का घर हो, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा। यहां की टीएमसी सरकार बहुत ही निर्दयी है। केंद्र सरकार गरीबों के लिए जो पैसा भेजती है उसे यहां टीएमसी के लोग लूट लेते हैं। टीएमसी के लोग बंगाल के गरीबों के दुश्मन हैं, उन्हें आपकी तकलीफों की चिंता नहीं है, वे अपनी तिजोरी भरने में जुटे हैं। ऐसी निर्मम सरकार को बंगाल से उखाड़ फेंकिए।

### बंगाल की प्रगति को और तेज करने का अभियान शुरू

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज से बंगाल की प्रगति को और तेज करने का अभियान शुरू हो गया है। पीएम मोदी ने बताया कि इन परियोजनाओं से न केवल लोगों की यात्राएं आसान होंगी, बल्कि व्यापार और कारोबार को भी बड़ा फायदा मिलेगा।

### बाढ़ पीड़ितों को नहीं मिलता उनका हक

पीएम मोदी ने मालदा की बाढ़ राहत से जुड़ी कैग रिपोर्ट का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि टीएमसी के चहेतों के खातों में 40-40 बार बाढ़ राहत का पैसा भेजा गया, जबकि जो इसके हकदार थे उन्हें कुछ नहीं मिला। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भाजपा की सरकार बनते ही टीएमसी के ऐसे सभी काले कारनामों पर रोक लगेगी।

### 'अब बंगाल की बारी है'

पीएम मोदी ने कहा कि हाल ही में बिहार में भाजपा -एनडीए की सरकार बनी है, जिससे बंगाल की हर दिशा में सुशासन वाली सरकारें हैं। उन्होंने कहा कि 'अब बंगाल की बारी है'।

---

### असम की रैली में बोले प्रधानमंत्री

# घुसपैठिए कांग्रेस के कट्टर वोट बैंक, केवल करते रहे 'कब्जा'



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

बंगाल के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने असम में भी एक जनसभा को संबोधित किया। यहां पर भी उन्होंने घुसपैठ का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार के प्रयासों का नतीजा आज सबके सामने है। उन्होंने कहा कि असम में शांति, विकास और आत्मविश्वास लौट रहा है। खासकर बोडो समाज के युवाओं में नई ऊर्जा दिखाई दे रही है, जो अब सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे असम के विकास के लिए काम कर रहे हैं।पीएम मोदी ने कहा कि आज बोडो समाज के युवा असम के सांस्कृतिक दूत बन रहे हैं। खेल के मैदान से लेकर कला और संस्कृति तक, बोडो समाज के बेटे-बेटियां देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये युवा नए विश्वास के साथ बड़े सपने देख रहे हैं और उन्हें पूरा भी कर रहे हैं। पीएम मोदी के मुताबिक, बोडो समाज की यह प्रगति असम को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा रही है।

### असम की संस्कृति पर कांग्रेस को आपत्ति क्यों?

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि जब भी असम की कला, संस्कृति और पहचान का सम्मान किया जाता है, कांग्रेस को तकलीफ होती है। उन्होंने सवाल किया कि भूपेन हजारिका को भारत रत्न देने का विरोध किसने किया था। जवाब खुद कांग्रेस है। पीएम मोदी ने कहा कि जब वे असम की संस्कृति से जुड़ी कोई चीज पहनते हैं, जैसे गमोछा, तो कांग्रेस उसका मजाक उड़ाती है। यह दिखाता है कि कांग्रेस को असम की पहचान कभी स्वीकार नहीं रही। वह सरकार चलाती रही।

### कांग्रेस पर घुसपैठ और अस्थिरता का आरोप जड़ा

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने सियासी फायदे के लिए असम में अस्थिरता पैदा की। कांग्रेस को विदेशी घुसपैठिए पसंद हैं, क्योंकि वे उनका कट्टर वोट बैंक हैं। कांग्रेस के शासन में घुसपैठिए आते रहे व लाखों बीघा भूमि पर कब्जा किए।

### सेमीकंडक्टर यूनिट लगने का भी विरोध किया

पीएम मोदी ने कहा कि असम में सेमीकंडक्टर यूनिट लगने का विरोध भी कांग्रेस ने किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की कर्नाटक सरकार के एक मंत्री, जो कांग्रेस अध्यक्ष के बेटे हैं, ने सवाल उठाया कि यह यूनिट असम में क्यों लग रही है। कांग्रेस को पूर्वोत्तर का विकास कभी रास नहीं आया।वह हर बड़े प्रोजेक्ट का विरोध करती रही है।

---

### भाजपा अध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया, प्रधानमंत्री बनेंगे प्रस्तावक

# तीन सेटों में फॉर्म भरेंगे नितिन नबीन, इनका चुना जाना तय

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भारतीय जनता पार्टी में शीर्ष संगठनात्मक पद को लेकर हलचल तेज हो गई है। भाजपा ने अपने अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की औपचारिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह चुनाव पार्टी के देशव्यापी संगठनात्मक अभियान 'संगठन पर्व-2024' के तहत कराया जा रहा है। राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के.लक्ष्मण ने पूरे चुनाव कार्यक्रम को अधिसूचित कर दिया। 19 जनवरी को अध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन होगा और 20 को नए अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। संभावना है कि नितिन नबीन को ही भाजपा का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाएगा, वे अकेले ही भाजपा अध्यक्ष के लिए नामांकन कर सकते हैं।



### चुनाव पारदर्शी प्रक्रिया से होगा

*भाजपा के संविधान के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव एक तय और पारदर्शी प्रक्रिया से होता है। इसमें इलेक्टोरल कॉलेज की घोषणा, नामांकन, जांच, नाम वापसी और जरूरत पड़ने पर मतदान शामिल होता है। इस बार यह प्रक्रिया 16 जनवरी 2026 से औपचारिक रूप से शुरू हो चुकी है।*

### ये हैं पार्टी के नियम

- उम्मीदवार को कम से कम 15 साल का सक्रिय सदस्य होना जरूरी है
- संगठन में चार कार्यकाल पूरे किए हों।
- नामांकन के लिए इलेक्टोरल कॉलेज के कम से कम 20 सदस्यों का प्रस्ताव जरूरी है
- ये प्रस्ताव कम से कम 5 राज्यों से आने चाहिए, जहां चुनाव पूरे हो चुके हों।

### संभावित उम्मीदवार और प्रस्तावक

- भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन तीन अलग-अलग सेट में नामांकन दाखिल कर सकते हैं।
- एक सेट में प्रधानमंत्री, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा प्रस्तावक हो सकते हैं।

---

### 'माघ मेले' में उमड़े श्रद्धालु



प्रयागराज। शनिवार को प्रयागराज में चल रहे 'माघ मेला' उत्सव के दौरान लोग 'मौनी अमावस्या' से पहले संगम में पवित्र डुबकी लगाते लोग। इस दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।

---

### कैथवलिया में विराट रामायण मंदिर परिसर में उमड़ी भीड़

# विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग पर हेलिकॉप्टर से बरसे फूल

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी स्थित कैथवलिया में निर्माणाधीन विराट रामायण मंदिर परिसर में विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग की स्थापना को लेकर पीठ पूजन का कार्य हुआ। इस दौरान परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी श्रद्धालु हर-हर महादेव और जय श्री राम का नारा लगा रहे हैं। शिवलिंग पर हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। इस ऐतिहासिक अनुष्ठान में महावीर मंदिर न्यास के सचिव शायन कुणाल और उनकी पत्नी, सांसद शांभवी चौधरी, जजमान की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सीएम नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के साथ पहुंचे।

### खास बातें

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी पहुंचे
- हर-हर महादेव, जय श्री राम की रही गूंज
- महावीर मंदिर न्यास के सचिव व सांसद बने जजमान



लोगों की भीड़



### मंगल गीतों से गूंज उठा परिसर

पीठ पूजन को लेकर मंदिर परिसर और आसपास का इलाका भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। हजारों श्रद्धालु कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। महिलाएं मंगल गीत गा रही थीं। वहीं हर कोई इस दुर्लभ और ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनकर पुण्य का भागी बनने की कामना करता रहा।

### मोतिहारी से आने वाले श्रद्धालुओं को मार्ग बदला

मोतिहारी से पिपराकोठी–कोटवा–भोपतपुर होते हुए राजपुर के रास्ते कैथवलिया मंदिर पहुंचा जा सकता है। इस मार्ग की दूरी लगभग 40 किलोमीटर है।

### पुलिस ने किए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

जाम की स्थिति से बचने और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए व्यापक इंतजाम किए थे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर क्षेत्र और मुख्य मार्गों पर सात प्रमुख ड्रॉप गेट बनाए गए। साथ ही विभिन्न स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई। कार्यक्रम स्थल तक सुचारु आवागमन सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक पॉइंट पर ट्रैफिक पुलिस और प्रशासनिक टीमों की तैनाती रही। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि वे यातायात नियमों का पालन करें।

---

### हरियाणा पुलिस की डिजिटल स्ट्राइक

# 1,018 आपत्तिजनक लिंक रिपोर्ट 583 हटाए और 435 रडार पर

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

हरियाणा पुलिस ने सोशल मीडिया पर बढ़ती अवैध और आपत्तिजनक गतिविधियों के खिलाफ कड़ा रुख



अपनाते हुए एक बड़ा डिजिटल अभियान शुरू किया है।

यह पहल इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से की जा रही है। सोशल मीडिया पर अक्सर आपत्तिजनक, राष्ट्र-विरोधी, धर्म-विरोधी और भ्रामक कंटेंट पोस्ट किया जा रहा था, जिससे तनाव और भ्रम फैल रहा था, इसलिए एक समन्वित कार्रवाई जरूरी हो गई थी। इसी उद्देश्य से साइबर हरियाणा टीम ने लगभग एक महीने पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की लगातार निगरानी शुरू की, और यह अभियान अभी भी जारी है। इस अभियान के तहत, अब तक कुल 1,018 आपत्तिजनक लिंक और प्रोफाइल की रिपोर्ट की गई है, जिनमें से 583 को कंपनियों द्वारा पहले ही हटा दिया गया है या ब्लॉक कर दिया गया है। बाकी 435 समीक्षा के विभिन्न चरणों में हैं और जल्द ही हटा दिए जाएंगे।

# जीवन में संतुलन बनाए रखने, सुख-शांति व समृद्धि के लिए तुलादान का पुण्य लाभ

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। पुत्र-पौत्रादि और धन-धान्य से सम्पन्न व्यक्ति माघ के पावन महीने में खुशी-खुशी मां गंगा-यमुना व अन्य पवित्र नदियों के तट और मंदिरों में तुलादान का पुण्य कमा रहे हैं। तराजू यानि तुला को संतुलन बनाने और विश्वास कायम करने का प्रतीक माना जाता है, इसीलिए, तराजू पर व्यक्ति का वजन कर उस वजन के बराबर सामग्री को दान करने को ही तुलादान कहा जाता है। इसीलिए जीवन में संतुलन बनाए रखने की कामना, आध्यात्मिक उन्नति और मानसिक शांति के लिए भी तुलादान किया जाता है। तुलादान की सामग्रियों में अन्न, तेल, घी, गुड़, तिल, फल, सोना-चांदी आदि को शामिल किया जाता है। इन सामग्रियों को जरूरतमंदों, योग्य ब्राह्मण या गौशाला को दान में दिए जाने की परम्परा है। यमुना जी के तट पर तुलादान के लिए अपने पुत्र मुकेश कुमार शर्मा, बहू विभा शर्मा, पौत्र आदित्य नमन और पौत्री उन्नति प्रिया के साथ



दिल्ली से मथुरा पहुंचीं श्रीमती जनक दुलारी शर्मा

का कहना है कि वह ईश्वर का धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए इस पुण्य को कमाने के लिए आई हैं। ईश्वर का दिया हुआ उनके पास सब-कुछ है अब जीवन में आध्यात्मिक व मानसिक शांति और बच्चों की सुख-शांति व समृद्धि की कामना से तुलादान का पुण्य कमाने आई हैं। इस सुखद अवसर का हर्ष उनके पुत्र-पौत्रादि के चेहरे पर स्पष्ट रूप से झलक रहा था। विभा मुकेश शर्मा का कहना है कि उन्हें तुलादान के महात्म्य के बारे में अच्छी तरह से पता था और उनकी माता जी की परम इच्छा थी कि वह अपना तुलादान कर इस पुण्य को कमाने का कार्य जरूर करेंगी। यह शुभ अवसर ईश्वर की कृपा से प्राप्त हुआ है, जिससे परिवार के हर सदस्य अपने को सौभाग्यशाली मान रहे हैं। यह भी कहा जाता है कि तुलादान करने से यज्ञ और तीर्थ यात्रा आदि का भी पुण्य लाभ मिलता है। यह न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है बल्कि समाज में अपनी महती जिम्मेदारियों के निर्वहन का भी प्रतीक है। श्रीमती जनक दुलारी शर्मा तुलादान संपन्न होने के बाद काफी प्रफुल्लित थीं और अपने पुत्र, पुत्रवधू और बच्चों को भावुकता पूर्ण आशीर्वाद प्रदान किया। उनका पूरा परिवार देश के विभिन्न हिस्सों से वीडियो कॉल द्वारा पूरी प्रक्रिया में सम्मिलित हुआ। पुत्रवधू के परिवार जन भी दूरभाष द्वारा इसमें शामिल थे। प्रदेश के मथुरा नगरी में यमुना जी के तट पर स्थित विश्राम घाट के तुला दान मंदिर में तुलादान की प्रक्रिया पूरी करा रहे पंडित गिरिराज का कहना है कि यहाँ पर बहुत से लोग इस माघ महीने में तुला दान का पुण्य कमाते हैं। बहुत से लोग अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगाँठ, आध्यात्मिक उन्नति, मानसिक शांति, सुख-शांति, समृद्धि, किसी गंभीर बीमारी से मुक्ति, किसी विशेष संकट आदि से उबरने, जन्म कुंडली के दोष निवारण और पापों के नाश के लिए भी तुलादान करते हैं। इस पुण्य को कमाने के लिए माघ महीने, मकर संक्रांति या पूर्णिमा आदि को खास तौर पर शुभ माना जाता है, किन्तु व्यक्ति चाहे तो वर्ष भर में कभी भी तुलादान का पुण्य कमा सकता है।

# निगोहां थाने की टीम को निगोहां प्रेस क्लब ने किया धराशायी......

**भोले बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट से बैरंग लौटी निगोहां थाने की टीम**

**अमन लेखनी समाचार**

निगोहां। निगोहां टोल प्लाजा के पास आयोजित आठवें भोले बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट में क्रिकेट प्रेमियों को जबरदस्त रोमांच देखने को मिला टूर्नामेंट के तहत खेले गए दो लीग मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। दिन का दूसरा और सबसे चर्चित मुकाबला निगोहां प्रेस क्लब और निगोहां थाने की टीम के बीच खेला गया इस हाई-वोल्टेज मैच में निगोहां प्रेस क्लब ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए थाने की टीम को एकतरफा अंदाज में उन्हें टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखाया टॉस जीतकर निगोहां प्रेस क्लब ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया टीम के बल्लेबाजों ने आक्रामक रुख अपनाते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 195 रनों का विशाल लक्ष्य खड़ा किया लक्ष्य का पीछा करने उतरी निगोहां थाने की टीम दबाव में नजर आई और पूरी टीम मात्र 13 ओवरों में 118 रन बनाकर ऑलआउट हो गई इस तरह निगोहां प्रेस क्लब ने यह मुकाबला 77 रनों से शानदार जीत के साथ अपने नाम किया मैच के हीरो रहे राज पांडे जिन्होंने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके और साथ ही बल्लेबाजी में 8 रन का योगदान दिया। उनके बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया

पहला लीग मुकाबला रानू प्रधान उन्नाव और बछरावां इलेवन स्टार के बीच खेला गया टॉस जीतकर बछरावां इलेवन स्टार ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया लेकिन उनकी टीम रानू प्रधान उन्नाव की सधी हुई गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और पूरी टीम महज 51 रन पर सिमट गई। जवाब में रानू प्रधान उन्नाव ने लक्ष्य को आसानी से हासिल करते हुए 9 विकेट से मुकाबला जीत लिया इस मैच में मन्नू ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लिए और उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया शानिवार को टूर्नामेंट का उत्साह बढ़ाने के लिए मोहनलालगंज के पूर्व विधायक अम्बरीष पुष्कर अतिथि के रूप में मैदान पर पहुंचे अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल भावना की सराहना की आयोजन समिति की ओर से किसान नेता अनमोल तिवारी ने पूर्व विधायक को अंगवस्त्र भेंट कर तथा फूल-मालाएं पहनाकर उनका भव्य स्वागत-सम्मान किया। टूर्नामेंट में लगातार रोमांचक मुकाबलों से क्षेत्र में खेल प्रेमियों का उत्साह चरम पर और आने वाले मैचों को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा।

# ट्रैक्टर ने कार में मारी टक्कर, चालक घायल



**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। लखनऊ रायबरेली राजमार्ग पर शनिवार सुबह सुमित्रा नर्सिंग होम के पास रॉन्ग साइड से आ रहे ट्रैक्टर ने तेज रफ्तार में हुंडई कार को जोरदार टक्कर मार दी कार चला रहे आशुतोष पांडे निवासी कुंडा प्रतापगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि उनकी पत्नी ज्योति बालझ्बाल बच गईं स्थानीय लोगों की मदद से घायल आशुतोष को पास ही स्थित सुमित्रा नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कुछ देर के लिए मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई और यातायात बाधित रहा सूचना पर पहुंची मोहनलालगंज पुलिस ने ट्रैफिक को सुचारू कराते हुए क्षतिग्रस्त वाहन सड़क से हटवाए और रायबरेलीझ्प्रयागराज हाइवे को सामान्य कराया पुलिस का कहना है कि पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।रोजाना रॉन्ग साइड से गुजरते हैं ट्रैक्टर, बढ़ रहा हादसों का खतरा स्थानीय लोगों ने बताया कि गौरा पुलिस पिकेट से बचने के लिए कई ट्रैक्टर-ट्रॉलियां अतरौली क्रॉसिंग से रॉन्ग साइड लेकर कानपुर रोड की ओर निकल जाती इससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता शनिवार के हादसे के बाद सोशल मीडिया पर पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर भी जमकर आलोचना हुई लोगों का कहना है कि कोहरे के मौसम में रॉन्ग साइड और तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ जाती।

# सरोजनीनगर में लोकतंत्र का मेगा सन्डे : 50 आरडब्ल्यूए में एक साथ वोटर एडिशन कैंप

**कोई भी पात्र मतदाता सूची से बाहर न रहेह्व : विधायक राजेश्वर सिंह लगवा रहे 50 आरडब्ल्यूए में मेगा वोटर कैंप**

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ।सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के सुदृढ़ीकरण और नागरिक सहभागिता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से, विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह जी द्वारा रविवार, 18 जनवरी को विधानसभा क्षेत्र की 50 आरडब्ल्यूए, हाई-राइज अपार्टमेंट्स एवं आवासीय सोसाइटीज में ह्यमेगा वोटर एडिशन कैंपह्न का आयोजन किया जा रहा है। कैंप के दौरान मतदाता सूची से संबंधित सभी आवश्यक सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी, जिनमें नव मतदाताओं के पंजीकरण हेतु फॉर्म-6, नाम हटाने अथवा संशोधन हेतु फॉर्म -7 तथा नाम, पता, फोटो एवं अन्य विवरणों के अद्यतन हेतु फॉर्म-8 शामिल हैं। इस प्रक्रिया को सुचारु एवं पारदर्शी



बनाए रखने हेतु शिविरों में विधायक की टीम के सदस्य, संबंधित आरडब्ल्यूए पदाधिकारी, स्थानीय भाजपा बूथ अध्यक्ष एवं बीएलएझ्2 की सक्रिय उपस्थिति रहेगी। यह व्यापक अभियान सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख आवासीय योजनाओं एवं सोसाइटीज में संचालित किया जाएगा।इसके अंतर्गत *अवध विहार योजना क्षेत्र में* गोमती एन्क्लेव, अलकनंदा एन्क्लेव, भागीरथी एन्क्लेव, नंदिनी एन्क्लेव, सरयू एन्क्लेव, मंदाकिनी एन्क्लेव, गंगोत्री एन्क्लेव, एसबीआई एन्क्लेव/लाइटहाउस, प्रधानमंत्री आवास योजना सेवई, घुसवाकलां बेसराझ्प्रथम, राप्ती एन्क्लेव, पीएमएवाईझ्3बी देवामऊ/वरुणा एन्क्लेव तथा धावाहर बसेराझ्प्रथम एवं द्वितीय को सम्मिलित किया गया है। इसी क्रम में अर्जुनगंज क्षेत्र की एमआई सेंट्रल पार्क, ओमैक्स वाटरस्केप्स, ओमैक्स आर-1, ओमैक्स आर-2 तथा रिशिता मैनहैटन सोसाइटीज में भी मेगा कैंप आयोजित किए जाएंगे। वहीं वृन्दावन योजना क्षेत्र के अंतर्गत गोवर्धन एन्क्लेव, कैलाश एन्क्लेव (सेक्टरझ्8), एल्डेको, सौभाग्यम, नीलगिरी एन्क्लेव, अज़िया बोटानिका, हिमालय एन्क्लेव (1, 2 एवं 3), अरावली एन्क्लेव, ग्रीनबेरी, आश्रय एन्क्लेव, सपना एन्क्लेव, गोल्ड स्टारझ्1 एवं 2 (सेक्टरझ्2), कासा ग्रीन्स, एक्सोटिका, आरजी एम्फोरिया, एवरेस्ट एन्क्लेव, सूर्य ग्रीन्स, गैलेक्सी हाइट्स, अर्श सुमंगलम, इंद्रप्रस्थ ग्रैंड (सेक्टरझ्4ए), विहान हाइट्स, सूरत रेजीडेंसी, शिवा ग्रीन्स, रॉयल स्टेट (सेक्टरझ्2) तथा आकाश एन्क्लेव शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अंसल एपीआई क्षेत्र की सेलिब्रिटी ग्रीन्स, सेलिब्रिटी गार्डन (अंसल), सेलिब्रिटी गार्डन (लेवाना), सेलिब्रिटी मीडोज, पैराडाइज क्रिस्टल, चंद्रा पैनोरमा, लक्ष्य हाइट्स, संतुष्टि एन्क्लेवझ्प्रथम एवं द्वितीय, कियारा रेजीडेंसी, ओकास रेजीडेंसी तथा तुलसियानी अपार्टमेंट में भी 'मेगा वोटर एडिशन कैंप' आयोजित किए जाएंगे। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से इस अवसर पर सामाजिक सहभागिता के भाव के साथ सभी आरडब्ल्यूए क्षेत्रों में जलपान एवं लंच की समुचित व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही युवाओं को क्रिकेट, वॉलीबॉल आदि स्पोर्ट्स की किट प्रदान कर उन्हें स्वस्थ जीवनशैली, खेल भावना और सक्रिय नागरिकता के प्रति प्रेरित किया जाएगा। यह 'मेगा वोटर एडिशन कैंप' सरोजनीनगर में लोकतांत्रिक चेतना को सुदृढ़ करने, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और मतदाता सूची को समावेशी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रभावी पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# श्री कृष्णा फाउंडेशन द्वारा संचालित सिलाई एवं ब्यूटीशियन प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण प्रमाण पत्र किये गए वितरित



**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। श्री कृष्णा फाउंडेशन एक समाज सेवी गैर सरकारी संगठन है जो कि समाज मे पिछले 15 वर्षों से अपना योगदान दे रही है। संस्था को उत्कृष्ट कार्य करने के हेतु कई वर्ल्ड रिकॉर्ड भी मिल चुके है। संस्था के अध्यक्ष पवन कुमार सोनी ने सिलाई एवं ब्यूटीशियन के निशुल्क प्रशिक्षण केंद्र खोल कर महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। संस्था के ऐसे 4 सेंटर है जिसमे 5 वर्षों में लगभग 10 हजार महिलाये प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी हैं। आज वह अपने घर, बच्चों की पढ़ाई एवं अन्य घर के खर्चों को पूरा कर पा रही है। श्री कृष्ण फाउंडेशन की महामंत्री निशा श्रीवास्तव सभी सेंटर्स को बखूबी संचालित करने में अपना योगदान दे रही है। गरीब बेटियों की शादी में उनका श्रंगार निशा श्रीवास्तव द्वारा निशुल्क किया जाता है। संस्था ने आज 70 महिलाओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किया। संस्था द्वारा 4 महीने का प्रशिक्षण दिया जाता है सिलाई में सभी प्रकार के महिलाओ के कपड़े एवं ब्यूटीशियन में थ्रेडिंग से ब्राइडल मेकअप तक सिखाया जाता है। संस्था में कोर्स कुमारी हुमैरा द्वारा सिखाया जाता है। संस्था समाज मे अपना योगदान निरंतर देती रहती है और आगे भी संस्था समाज के लिए करती रहेगी।

# बेटे पर बैंक खाते से 50 हजार की धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ बैंक खाते से धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने ही बेटे पर बैंक खाते से 50 हजार निकालने और विरोध करने पर धमकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। माल के जनकापुर निवासी श्याम कुमारी पत्नी बसंत लाल का खाता माल शाखा स्थित यूको बैंक में है। पीड़िता महिला का आरोप है कि करीब एक माह पूर्व उसका बेटा विपिन कुमार उसे बैंक लेकर गया और छोटे बेटे सचिन का मोबाइल नंबर पंजीकृत कराने की बात कही। आरोप है कि इसी दौरान विपिन ने धोखे से अपना मोबाइल नंबर खाते से लिंक करवा लिया। पीड़िता के मुताबिक, इसके बाद विपिन ने एटीएम फॉर्म पर फर्जी हस्ताक्षर कर एटीएम कार्ड बनवाया और मोबाइल के जरिए खाते ऑनलाइन संचालन करने लगा। आरोप है कि उसने अलग-अलग खातों में कई बार में कुल ?50,000 ट्रांसफर कर दिए। जब श्याम कुमारी मजदूरी कर जमा की गई रकम निकालने बैंक पहुंचीं, तो खाते में मात्र ?9 शेष पाए गए। कम पढ़ी-लिखी होने के कारण वह शुरूआत में इस धोखाधड़ी को समझ नहीं पाईं। आरोप है कि जब पीड़िता ने फोन पर बेटे से पैसे के बारे में पूछा, तो उसने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और कहा कि पैसे उसी ने निकाले हैं तथा वह रकम वापस नहीं देगा। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में एसएसआई हरिदेश चौरसिया ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जांच उपरांत आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# खेत के चारों ओर लगे तारों में दौड़ रहे करंट से हुई थी राजेंद्र रावत की मौत,

**खेत मालिक ने खुद को फंसता देख अपने बेटे के साथ जंगल में फेका था शव**

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को अमावा जंगल में मिले युवक के शव के मामले में पुलिस घटना के खुलासे के करीब पहुंच चुकी है। हालांकि पुलिस अभी आधिकारिक रूप से कुछ भी कहने से बच रही है, लेकिन सूत्रों की माने तो युवक की मौत विद्युत करंट की चपेट में आने से हुई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सहिजनपुर निवासी राजेंद्र रावत (30) की मौत ट्यूबवेल मालिक के खेत के चारों ओर लगाए गए तारों में दौड़ रहे करंट से हुई थी। घटना के बाद खुद को फंसता देख ट्यूबवेल मालिक अशफीर्लाल और उसके बेटे ने शव को उठाकर करीब 500 मीटर दूर अमावा जंगल में फेंक दिया। साथ ही मृतक का मोबाइल फोन, गमछा और चप्पल पास के सरसों के खेत में छिपा दिए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने ट्यूबवेल मालिक अशफीर्लाल और उसके बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने मृतक के चप्पल और गमछा भी बरामद कर लिया है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी राजेंद्र की मौत का कारण विद्युत करंट बताया गया है। गौरतलब है कि गुरुवार सुबह करीब नौ बजे राजेंद्र रावत अपने घर से लगभग दो किलोमीटर दूर खेत में पानी लगाने की बात कहकर निकला था। जब दोपहर बाद उसकी मां शांति देवी खाना लेकर खेत पहुंचीं तो राजेंद्र वहां नहीं मिला। ट्यूबवेल पर मौजूद अशफीर्लाल के बेटे से पूछने पर उसने राजेंद्र के वहां आने से इनकार कर दिया। इसके बाद परिजनों ने राजेंद्र के मोबाइल पर संपर्क किया, लेकिन फोन स्विच ऑफ मिला। काफी खोजबीन के बाद गुरुवार शाम को परिजनों ने बंथरा थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। शुक्रवार सुबह तलाश के दौरान राजेंद्र का शव उसके खेत से करीब 500 मीटर दूर अमावा जंगल में मिला। शव के पास उसका मोबाइल, गमछा और चप्पल नहीं थे, जिससे मामला संदिग्ध हो गया। पुलिस जांच में सामने आया कि ट्यूबवेल मालिक ने जानवरों से फसल बचाने के लिए खेत के चारों ओर लोहे के तार लगा रखे थे, जिनमें रात के समय करंट प्रवाहित किया जाता था। इसी की चपेट में आकर राजेंद्र की मौत हो गई। जहां तारों में दौड़ रही करंट की चपेट में आकर उसकी मौत हुई वहां खेत में फसल रौंदी होने के साथ पैरों के कई निशान भी मिले। उधर बंथरा प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह ने फिलहाल इस संबंध में किसी ठोस खुलासे से इनकार करते हुए कहा कि परिजनों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# घने कोहरे के कारण लखनऊ आने वाले तीन विमान डायवर्ट, आने जाने वाले 5 विमान रद्द

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। शनिवार सुबह पड़े घने कोहरे के कारण लखनऊ आने वाले तीन विमान डायवर्ट कर दिए गए। वहीं आने जाने वाले 5 विमान रद्द कर दिए गए। जबकि कई विमान काफी लेट लतीफ रहे। रसअल खेमा से सुबह 8 बजे लखनऊ पहुंचने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (आईएक्स 125) ने लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचकर आसमान में 6 चक्कर लगाए। लेकिन एटीसी से लैन्डिंग की अनुमति नहीं मिली। बाद में उसे दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया। इसी तरह मुंबई से सुबह 8:35 बजे लखनऊ पहुंचने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (आईएक्स 1026) चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पहुंची और काफी देर तक एयरपोर्ट के ऊपर आसमान में चक्कर लगाती रही। विमान को 8 चक्कर लगाने के बाद भी उतरने की अनुमति नहीं मिली। बाद में उसे भी दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया। वहीं रियाद से सुबह 9 बजे लखनऊ पहुंचने वाली फ्लाइनेस की उड़ान (एक्सवाई 333) लखनऊ एयरपोर्ट के ऊपर चार चक्कर लगाए। पर एटीसी से लेण्डिंग की अनुमति नहीं मिली। बाद में इसे भी दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया। जबकि चंडीगढ़ से सुबह 7:15 लखनऊ पहुंचने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान (6ई146) को रद्द कर दिया गया। इसी तरह अहमदाबाद से सुबह 9:25 बजे लखनऊ पहुंचने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 6244) को रद्द कर दिया गया। जबकि दिल्ली से सुबह 9:40 बजे लखनऊ पहुंचने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 2107) को भी रद्द कर दिया गया। वहीं लखनऊ से सुबह 6:10 बजे दिल्ली जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 6026) को रद्द कर दिया गया। जबकि लखनऊ से सुबह 6:40 बजे अहमदाबाद जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 142) को भी रद्द कर दिया गया। दुबई से रात 3:30 बजे लखनऊ पहुंचने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (आईएक्स 198) तड़के 5 बजे लखनऊ पहुंची। झारसुगुड़ा से सुबह 10:15 बजे लखनऊ आने वाली स्टार एयर की उड़ान (एस5228) दोपहर 12:25 बजे लखनऊ पहुंची। दुबई से दोपहर 11:30 बजे लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (आईएक्स 194) 12:50 बजे पहुंची। मुंबई से दोपहर 12:55 बजे लखनऊ पहुंचने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 6937) 1:50 बजे पहुंची। लखनऊ से रात 1:35 बजे दुबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (आईएक्स 193) तड़के 3:50 बजे रवाना हुई। सुबह 5:10 बजे लखनऊ से बेंगलुरु जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (आईएक्स 2918) 7:05 बजे रवाना हुई। सुबह 6:05 बजे नवी मुंबई जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 829) 6:50 बजे रवानाहुई। सुबह 7:15 बजे हैदराबाद जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 523) 8:30 बजे रवाना हुई।

# बार एसोसिएशन के पदाधिकारी अधिवक्ता से अभद्रता का आरोप, एसीपी से शिकायत

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। मलिहाबाद बार एसोसिएशन के कनिष्ठ उपाध्यक्ष एवं अधिवक्ता जयकुमार रावत ने माल पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए एसीपी मलिहाबाद को शिकायती पत्र सौंपा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि माल थाने में उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, साथ ही फर्जी मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की धमकी दी। शिकायत पत्र में अधिवक्ता जयकुमार रावत ने बताया कि शनिवार को दरोगा नजमी हसन द्वारा सूचना देकर धारा 24 के संबंध में बुलाया गया था। सूचना मिलने पर वह थाना माल पहुंचे थे। वहां मौजूद एस एसआई हरिदेश चौरसिया द्वारा उनसे अभद्रता की गई। आरोप है कि अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कहा सारी वकालत यही निकाल दूंगा। उनके साथ हुए दुर्व्यवहार की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग थाने में लगे कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। अधिवक्ता का कहना है कि उन्हें बिना किसी कारण मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। पीड़ित अधिवक्ता ने एसीपी से मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ विधिक एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि अधिवक्ताओं के साथ इस तरह का व्यवहार होगा, तो न्याय व्यवस्था की गरिमा पर सवाल खड़े होंगे। मामले को लेकर मलिहाबाद बार एसोसिएशन में भी आक्रोश देखा जा रहा है। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो संगठनात्मक स्तर पर आंदोलन किया जा सकता। इस संबंध में मलिहाबाद एसीपी सुजीत कुमार दुबे ने बताया कि जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# खाताधारक की बैंक से लाखों की रकम गायब

**विधवा महिला ने बैंक ऑफ बड़ौदा पर रकम गायब के लगाया गंभीर आरोप......**

**अमन लेखनी समाचार**

निगोहां। इन दिनों सरकारी बैंकों से खाताधारकों की रकम गायब होने के मामलों ने खलबली मचा रखी। ऐसी ही एक घटना निगोहां कस्बे में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में विधवा महिला के खाते से एक लाख रुपये निकल जाने का मामला सामने आया। पीड़िता ने बताया कि बैंक ने बिना उसकी जानकारी के ही रकम निकाल ली और कई दिनों से बैंक के चक्कर लगाने के बावजूद न तो संतोषजनक जवाब दिया जा रहा और न ही खाते का पूरा विवरण उपलब्ध कराया जा रहा निगोहां गांव निवासी विधवा शिवकली पत्नी स्व. पुवीर्दीन ने निगोहां पुलिस को दी गई शिकायत में बताया



कि उनका कस्बे की बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में खाता उन्होंने अपनी जमीन बेचकर दो लाख रुपये खाते में जमा किए थे जिसमें से करीब 90 हजार रुपये वह पहले ही निकाल चुकी थीं शेष बची रकम खाते में जमा थी पीड़िता के अनुसार जब उन्होंने 5 जनवरी को खाता चेक किया तो खाते से एक लाख रुपये गायब मिले जिसे देखकर पीड़िता परेशान हो गयी महिला का आरोप है कि जब उन्होंने बैंक में जाकर रकम गायब होने की शिकायत की तो बैंक कर्मियों ने टालमटोल करते हुए कई दिनों तक उन्हें दौड़ाया इतना ही नहीं खाते का स्टेटमेंट लेने के लिए फॉर्म भरने के बावजूद कई दिनों से स्टेटमेंट भी उपलब्ध नहीं कराया परेशान होकर पीड़िता ने निगोहां पुलिस से शिकायत की लेकिन वहां भी ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी शनिवार को मजबूर होकर उन्होंने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की मामले को लेकर बैंक प्रबंधन की भूमिका भी सवालों के घेरे में बैंक मैनेजर सपना मिश्रा का कहना है कि महिला अपने दामाद के साथ पैसे निकालने आई थी और संभव है कि दामाद ने ही कुछ हेरफेर की हो वहीं पीड़िता ने इस आरोप को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि वह केवल दो बार दामाद के साथ गई थीं और करीब 70 हजार रुपये ही निकाले गए थे जिसकी उन्हें पूरी जानकारी इसके अलावा शेष रकम कौन निकाल ले गया, इसका जवाब बैंक के पास भी नहीं । निगोहां थानाध्यक्ष अनुज तिवारी ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही फिलहाल इस घटना ने बैंकिंग सुरक्षा व्यवस्था और आम खाताधारकों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए

# महिला से चेन लूटने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके भेजा जेल

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर में बीते दिनों महिला से चेन लूट की घटना अंजाम देने वाले आरोपी को बिजनौर पुलिस ने गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया है।पुलिस ने उसके पास से लूटी गई सोने की चैन बरामद कर उसे जेल भेज दिया है। बताते चलें कि मूल रूप से उन्नाव जिले के औरास थाना अंतर्गत टिकरा सामद गांव निवासी राजकिशोर द्विवेदी अपनी पत्नी रीना व परिवार के साथ बिजनौर में रजिस्ट्री ऑफिस के पीछे किराए पर रहकर अनूप खेड़ा के पास आटा चक्की और परचून की दुकान चलाते हैं। रीना गुरुवार शाम मार्केट से खरीदारी कर पैदल ही वापस घर लौट रही थी। तभी उसके घर से कुछ दूर पहले ही स्कूटी सवार बदमाश ने झपट्टा मारकर उनके गले की सोने की चेन छीन कर भाग निकला था। इस मामले में रीना ने बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने के बाद सीसीटीवी कैमरों के सहारे उसका सुराग लगा रही थी। तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शुक्रवार रात आरोपी युवक को थाना क्षेत्र से धर दबोचा। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम मूल रूप से कृष्णा नगर थाना क्षेत्र के सेक्टर डी, एलडीए कॉलोनी निवासी व वर्तमान में बिजनौर के औरंगाबाद स्थित रॉयल सिटी निवासी राहुल अरोड़ा बताया। पुलिस ने उसके पास से सोने की चेन बरामद कर शनिवार को उसे जेल भेज दिया है।

## संक्षेप

### अनियंत्रित डंपर ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर हुई मौत

सुमेरपुर, उन्नाव। बक्सर मार्ग पर बिहार थाना क्षेत्र के मनिकापुर के पास शनिवार की शायं 6 बजे डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। टक्कर मारकर चालक डंपर समेत मौके से भाग निकला। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की मदद से डंपर की तलाश में जुट गई है। बिहार थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर निवासी मोहित पासी (40) पुत्र रज्जन लाल निवासी सुल्तानपुर अपने भतीजे मोनू के साथ सबमर्सिबल की मोटर बनवाने पाटन गया था। मोटर बनवाकर वापस होते समय वह सुमेरपुर बक्सर मार्ग पर बिहार थाना क्षेत्र के मनिकापुर के पास पहुंचा था कि तेज रफ्तार डम्पर ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमे पीछे बैठा मोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस उसे सुमेरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लायी जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाइक चला रहा मृतक का भतीजा मोनू सुरक्षित है। बिहार थानाध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सीसीटीवी कैमरे की मदद से डम्पर की तलाश की जा रही है। मृतक बाहर रहकर प्राइवेट नौकरी करता था ।उसके एक पुत्री महक(14) व राज (12) है। मृतक की मौत पर पत्नी नीतू का रो रोकर बुरा हाल है।

### केयर टेकर ने ग्राम पंचायत अधिकारी पर लगाया अभद्र भाषा करने का आरोप

सुमेरपुर, उन्नाव। विकास खण्ड क्षेत्र के एक गाँव में केयर टेकर ने मानदेय न देने व अभद्र भाषा के प्रयोग का आरोप ग्राम पंचायत अधिकारी पर लगा प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी को दिया है। विकास खंड सुमेरपुर के जप्सरा गाँव मे तपेश्वरी स्वयं सहायता समूह है ।इस स्वयं सहायता समूह द्वारा शालिनी सिंह को शौचालय केयर टेकर बनाया गया। शालिनी सिंह ने उपजिलाधिकारी बीघापुर रणबीर सिंह को प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत सचिव अमन यादव द्वारा कई माह से मानदेय भुगतान नही किया जा रहा मानदेय मांगने पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर कमीशन भी मांगा जा रहा जिससे उनकी व उनके परिवार की आर्थिक स्थिति बदतर होती जा रही। उपजिलाधिकारी रणबीर सिंह ने बताया मामले की जांच करा उचित कार्यवाही की जाएगी।

### स्कूली बच्चों के साथ अभद्रता मना करने पर हुई मारपीट

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम व पोस्ट पाली निवासी राम प्रसाद शुक्ला पुत्र मुनेश प्रसाद ने थाने में तहरीर देकर कहा कि मेरी दो पुत्रियां व एक पुत्र विद्यालय पढ़ने जाते हैं जाते समय रास्ते में गांव के पड़ोसी अनिल मिश्रा पुत्र चंद्रनाथ मिश्र अनूप मिश्रा पुत्र अनिल मिश्रा दोनों गाली गलौज करते है यह दबंग किस्म के व्यक्ति हैं जिसकी शिकायत करने पर यह लोग हमारे दरवाजे पर चढ़ाई करके आए और एक राय होकर अभद्र गलियां व जान से मार देने की धमकी दी गाली गलौज करते हुए मेरे साथ मारपीट भी किया है तहरीर के आधार पर पुलिस ने संगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया।

# डीएम व एसपी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश जी की उपस्थिति में जनपद की तहसील हसनगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों को सुना। तहसील दिवस में फरियादियो की शिकायतों के सुनने के पूर्व जिलाधिकारी ने आईसीडीएस विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया व अन्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं नीतियों विषयक लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन कर जानकारी ली गई ।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के आयुष्मान योजना के लाभार्थियों व मत्स्य विभाग के मत्स्य पालन हेतु तालाब पट्टा आवंटन के लाभार्थियों को शाल ओढ़ाकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।जन सुनवाई के अवसर पर जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को एक-एक करके गंभीरता से सुना और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए । जिलाधिकारी ने आईजीआर एस में प्राप्त शिकायतों के समय बद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया। कहा यह शासन की प्राथमिकताओं में है जिन शिकायतों में असंतुष्ट फीडबैक मिल रहा है विभागीय अधिकारी स्वयं जांच कर समस्या का निस्तारण संतुष्टि परक कराएं। कहा कि अपने अधीनस्थों को आईजीआरएस के प्रति रसंवेदनशील करें, लगाई जाने वाली रिपोर्ट गुणवत्ता पूर्ण हो। निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादी की शिकायत के निस्तारण का फीडबैक अवश्य लिया जाय शिकायत कर्ता की संतुष्टि आवश्यक है ।कहा की जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता से फीडबैक लें। जिलाधिकारी ने कहा कि जन शिकायतों के समय बद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के संबंध में कोई भी लापरवाही ना हो यह मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकताओं में है ।जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी शिकायतें आज प्राप्त हुई हैं उनका सम्बन्धित अधिकारी टीम बनाकर जांच करे और प्राथमिकता के साथ गुणवत्ता पूर्ण समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा सभी विभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कोई भी शिकायत लंबित न रखी जाए समय रहते उसका गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण सुनिश्चित हो ।सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों सहित कुल 245 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमे 13 शिकायतों का निस्तारण मौके पर हुआ शेष शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को दिये। चकरोड अवैध कब्जा संबंधी शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण हो जहां पर आवश्यकता हो पुलिस और राजस्व की टीम संयुक्त जांच करें और मौके पर जाकर समस्या के निस्तारण कराएं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी हसनगंज क्षेत्राधिकारी हसनगंज जिला विकास अधिकारी देव चतुर्वेदी परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी तहसीलदार

# गणतंत्र दिवस सप्ताह अंतर्गत महाविद्यालय में पेड़ संरक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। तहसील की ग्राम पंचायत रसूलपुर रूरी स्थित विशंभर दयाल त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय में आज शनिवार को ह्यगणतंत्र दिवस सप्ताहह्न अंतर्गत सांस्कृतिक परिषद् , एन.सी.सी. व राष्ट्रीय सेवा योजना के सयुक्त तत्वावधान में ह्यपेड़ संरक्षणह्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में रोपित पौधों व पेड़ों के रख-रखाव हेतु गुड़ाई, खाद व सिंचाई आदि श्रमदान किया गया। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त दुबे ने छात्र छात्राओं से ह्यपेड़ संरक्षण संकल्पह्न कराया।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ दुबे ने कहा कि पौध रोपण मात्र से वृक्षारोपण कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्ण नहीं होता। उन्होंने उदाहरण दिया कि एक पेड़ मां के नाम से प्रदेश में लाखों पौधों का रोपड़ किया गया। किन्तु यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम फोटो और सेल्फी मात्र में सिमट रह जाता है। उन्होंने दावा किया कि पेड़ संरक्षण जैसे कार्यक्रमों में जब हमारे युवा विद्यार्थी सहभागिता करते हैं, तब निश्चित ही योजना पूर्णतया सफल होती है।

कार्यक्रम का संयोजन डॉ. कुलदीप कुमार शुक्ला सहायक प्रोफेसर कृषि विज्ञान संकाय एवं डॉ. अरविन्द कुमार सहायक प्रोफेसर वनस्पति विज्ञान संकाय ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक डॉ. नलिन कुमार सिंह, डॉ. नवनीत कौर, डॉ. मनीषा बाजपेई, एन.सी.सी. प्रभारी डॉ. रजनीश कुमार, डॉ. अरविन्द कुमार, सांस्कृतिक परिषद के संयोजक अमित कुमार, विनीत कुमार, डॉ. अनुराग रावत, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कुलदीप कुमार शुक्ला, डॉ. दयानन्द, नन्हा सिंह, अनिल कुमार, कार्यालय लिपिक अनिल कुमार पटेल व वरुण कुमार शामिल रहे।

# जमीनी विवाद को लेकर महिला के साथ की मारपीट

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र में भूमि विवाद को लेकर पडोसी दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगा जब विरोध किया तो महिला के साथ मारपीट करने लगे यह देख ननद व सास बचाने दौड़ी तो उनके साथ भी मारपीट की जिसमें तीनों गम्भीर रूप से घायल हो गए महिला के पति ने दो महिलाओं सहित चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। फिरोजपुर कला गांव निवासी अवधेश कुमार ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि भूमि विवाद की रंजिश को लेकर पडोसी शिव रतन दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे जिसका पत्नी सुमन ने विरोध किया तो उसके साथ लाठी डंडे से मारपीट करने लगे यह देख बहन पूनम मां शिव प्यारी के साथ वह बचाने दौडा तो सभी की पिटाई कर दी जिससे तीनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए सफीपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है साथ ही जान से मारने की धमकी दी इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि पीडित की तहरीर पर दो महिलाओं सहित चार लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# ग्राम चौपाल का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। विकास खंड की ग्राम पंचायत दांदामऊ में शनिवार को चौपाल का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार गौण ने की। चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं की भरमार रही और अधिकारियों को एक के बाद एक शिकायतें सुननी पड़ीं।

चौपाल के दौरान एडीएम ने एसआईआर की बीएलओ से समीक्षा की। ग्रामीणों ने बीएलओ द्वारा डोर-टू-डोर सर्वे न किए जाने की शिकायत करते हुए कहा कि कई पात्र परिवारों के नाम सूची में नहीं जुड़े हैं। इसके साथ ही वृद्धावस्था पेंशन न आने और अपात्र लोगों के नाम पेंशन सूची में जुड़े होने की भी शिकायत की गई।

ग्रामीणों ने अपात्रों के राशन कार्ड बनाए जाने का मुद्दा भी उठाया, जिस पर एडीएम ने राशन कार्डों का सत्यापन कराकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। चौपाल में राजकुमार गुप्ता ने गांव के संजू फौजी पर ग्राम समाज की भूमि बेचने का आरोप लगाया, जिस पर एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। एडीएम ने एडीओ पंचायत प्रताप नारायण द्विवेदी को गांव के किनारे स्थित आनंदी देवी तालाब के सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश भी दिए। चौपाल के दौरान नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम रणवीर सिंह, तहसीलदार गणेश सिंह, वन रेंजर आयशा नसीम, थानाध्यक्ष राजपाल, ग्राम प्रधान कुलदीप सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजीत सिंह बॉबी, मुन्ना सिंह, बैजनाथ सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष मनोज सिंह, पंचायत सचिव हिमांशु यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पानी से भरा खंती में मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के जाफर खेड़ा गाँव से 5 सौ मीटर की दूरी पर सड़क के किनारे पानी से भारी खँती में एक युवक का शव शनिवार सुबह पड़ा देख। गुजर रहे राहगीरों ने ग्राम प्रधान को सूचना दी। जिसकी पहचान खँभार खेड़ा गाँव के रहने वाले रामचंद्र यादव के (24) वर्षीय पुत्र दीपू यादव के रूप में हुई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। दरोगा खेड़ा चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधि कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक दीपू यादव शुक्रवार सुबह 10 बजे कपड़े खरीदने की बात कह कर घर से निकला था। परिजनो नें दीपू की 2 बजे रात तक तलाश की मगर उसका कुछ पता नहीं चला। सुबह उसका शव जाफर खेड़ा गांव के पास खंती में पड़ा मिला। घटना कैसे हुई इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रहा था। दरोगा खेड़ा चौकी प्रभारी मो.असलम ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की सही वजह सामने आएगी। प्रथम दृष्टि से प्रतीत हो रहा है। कि वह शराब के नशे में होने के चलते खती में गिर गया। और वह दोबारा उठ नहीं पाया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक दीपू की मौत से आहत मां सुखराना भाई रिंकू पिता रामचंद्र यादव सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है।

# एडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील मुख्यालय पाटन में शनिवार को आयोजित तहसील समाधान दिवस की अध्यक्षता एडीएम वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गौड़ ने की। संपूर्ण समाधान दिवस पर 75 फरियादियों ने समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रार्थना पत्र दिए जिनमे छह प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। एडीएम ने एसआईआर को लेकर सभी बीएलओ व पर्यवेक्षक अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोग की द्वारा निर्धारित तिथियां पर नए मतदाताओं को जोड़ने तथा छूटे हुए मतदाताओं को भी पुनः सम्मिलित किए जाने के कार्य में तेजी लाये तथा समाधान दिवस पर आए प्रार्थना पत्रों का पारदर्शी निस्तारण निश्चित किया जाए।

निर्वाचक नामावली विशेष पुनरीक्षण अभियान अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने पर एडीएम ने तहसील बीघापुर के नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

मुख्य फरियादियों में सुमेरपुर निवासी रिशु दीक्षित ने ग्राम समाज की जमीन पर किये गए अवैध कब्जे की बात उठायी। चिकन्द्रपुर निवासी जितेंद्र सिंह ने पाटन -सुमेरपुर माइनर की सफाई न किये जाने की बात बताई। जगदीशपुर के किशन लाल ने अंबेडकर प्रतिमा के सामने ग्राम समाज की भूमि पर गंदगी फैलाई जाने की शिकायत की तथा ग्राम समाज की भूमि पर पार्क निर्मित कराए जाने की मांग रखी। नानमऊ के रामस्वरूप ने बेटे के मृत्यु प्रमाण पत्र कई महीनो से न बनाए जाने की शिकायत की। घाटमपुर के रामस्वरूप ने दबंगो से चकरोड खाली कराए जाने का प्रार्थना पत्र दिया। सगवर निवासी रमाकान्त ने अपनी ही भूमि में विपक्षियों द्वारा बिना बताए चोरी छिपे पेड़ कटवा लिए जाने के बाद कोई कार्यवाही न किये जाने आदि की समस्याएं उठायी। इस मौके पर एसडीएम रणवीर सिंह, सीओ मधुप नाथ मिश्रा, तहसीलदार गणेश सिंह, बीडीओ पंकज गौतम, बीईओ अखिलेश वर्मा ,एसडीओ विद्युत पीके यादव ,पूर्ति निरीक्षक मनोज राजवंशी सही कई विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मोबाइल चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार





उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के मुरव्वत पुर गांव निवासी शिव बरन पुत्र हरि शंकर 11 जनवरी की शाम मोबाइल फोन पर बात करते हुए पैदल जा रहा था इसी बीच बाइक सवार दो चोरों ने झप्पट्टा मार कर मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए थे पीडित की तहरीर पर पुलिस ने 13 जनवरी को अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया था और चोरों की तलाश कर रही थी शनिवार मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि मोबाइल छीन कर भागे चोरों द्वारा प्रयोग की गयी बाइक चकलवंशी से मियागंज की ओर आ रही है जिस पर पुलिस ने मियागंज चौराहे पर घेराबंदी कर दी तभी एक बाइक आती दिखाई दी और पुलिस को देख बरहा खुर्द गांव की मोड पर रोक कर छिपने का प्रयास करने लगे जिस पर पुलिस ने दोनों को पकड लिया पुलिस की पूछताछ में अतुल पुत्र साहेब लाल निवासी बेहन्दर कला थाना कासिम पुर हरदोई के पास से एक वीवो व एक ओप्पो मोबाइल फोन के साथ 130 रुपये बरामद हुए बताया कि वीवो फोन झपट्टा मार कर छीना था वह शिवबरन का निकला जबकि दूसरा फोन अपना बताया उसका साथी शिवम पुत्र भजन चौरसिया निवासी नौधा मजरा कासिम पुर हरदोई के पास से तीन मोबाइल फोन और 300 रुपये की नगदी बरामद हुई पूछताछ में बताया कि 13 जनवरी को हैदराबाद कस्बे के पास एक व्यक्ति को लिफ्ट देकर बाइक पर बिठा लिया था और रास्ते मे मोबाइल फोन छीन कर उतार दिया था मोबाइल छीनने में रिश्तेदार की बाइक मांग कर लाते हैं और उसके बाद वापस कर देते हैं पुलिस ने बाइक को सीज कर दिया इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शनिवार भोर पहर दो चोरों को गिरफ्तार किया गया दोनों के पास पांच मोबाइल फोन बरामद हुए जिसमें तीन चोरी के थे बाइक सीज कर दोनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला अज्ञात युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत काली मिट्टी शिवराज पुर मार्ग पर स्थित काजीपुर बंगर गांव को जाने वाले खड़ंजा मार्ग पर शनिवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला जिसको ग्रामीणों ने देखा तो हलचल मच गई। प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराने की कोशिश की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। जिसपर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार ने बताया कि गांव जाने वाले खड़ंजा मार्ग पर एक लगभग चालीस वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा मिला। मृतक अर्धविक्षिप्त भिखारी लगता है जो नीले रंग की लोवर और पुराना रंगीन स्वेटर और चप्पल पहने हुए था। ग्रामीणों में शव देखने वालों की भीड़ लगी रही लेकिन पहचान नहीं हो पाई। ग्रामीणों और प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा ट्राई साइकिल एवं बैसाखी का किया गया वितरण

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। ब्लाक कार्यालय परिसर में आज शनिवार को दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा ट्राई साइकिल एवं बैसाखी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने कार्यक्रम में पहुंचकर दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल एवं बैशाखी वितरित की। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ नीरज गुप्ता , प्रमेश चौधरी, पप्पू त्रिवेदी व अखिलेश सिंह सहित सभी ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे।

# शबे मेराज के मौके पर हुसैनी मस्जिद में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का हुआ प्रोग्राम

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मोहल्ला गुलाम मुस्तफा (गोल कुआँ) की हुसैनी मस्जिद में 'शबे मेराज' (हुजूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के आसमानी सफर) के पावन अवसर पर एक बेहद शानदार और रूहानी प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस मुबारक रात में अकीदतमंदों का हुजूम उमड़ पड़ा, जहां इबादत, नात-ओ-मनकबत और दुआओं का दौर सुबह तक जारी रहा। प्रोग्राम का आगाज तिलावत-ए-कुरान पाक से हुआ। इसके बाद बारगाहे रिसालत में नातिया कलाम पेश किए गए। महफिल में नबी की शान में पढ़ी गई नातों ने समां बांध दिया और पूरा माहौल 'लब्बैक या रसूल अल्लाह' के नारों से गूंज उठा। हुसैनी मस्जिद के पेश इमाम मौलाना जियाउल हक चिश्ती ने शबे मेराज की फजीलत पर तफ्सील से रोशनी डाली। उन्होंने बताया कि इसी रात अल्लाह ताला ने अपने महबूब हजरत मोहम्मद (स.) को अर्श पर बुलाया था और उम्मत के लिए पांच वक्त की नमाज का तोहफा अता किया था। तकरीर में आपसी भाईचारे, नमाज की पाबंदी और नेक रास्ते पर चलने की ताकीद की गई। नौजवानों और बुजुर्गों ने पूरी रात नफिल नमाजें पढ़ीं, कुरआन की तिलावत की और तस्बीह पढ़ी। कार्यक्रम के अंत में मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और कौम की तरक्की के लिए खुसूसी दुआ मांगी गई। ?मस्जिद कमेटी की ओर से आने वाले लोगों के लिए तबर्रुक का इंतजाम किया गया था। इस मौके पर समाजसेवी फजलुर्रहमान, मौलाना जियाउल हक चिश्ती, आशिक अली, जान मो०, अजीजुर्रहमान आदिल, अनीसुर्रहमान गोलू, इरशाद अली, बशीर अली, मो० इशहाक, नफीसुल, चाँद, मो० कलीम, कय्यूम, नईमुल्ला, सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# जीवन से यदि निकल गए राम मेरे पास बचेगा क्या

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अचलगंज दो अक्षर के राम नाम की कीमत उसको हृदय से चाहने वाला ही जानता है। जिसके लिए दुनिया की सारी सम्पदा यहां तक कि अपने प्राण भी दे सकता है। विश्वामित्र जी जब राजा दशरथ से यज्ञ की रक्षा के लिए राम को देने की बात कही तो उन्होंने कहा कि आप मेरा सारा राज्य लेलो धन संपदा ले लो लेकिन राम को हम कैसे दे सकते है राम कोई देने वाली वस्तु नहीं है। जीवन से यदि राम निकल गए तो मेरे पास क्या बचेगा। उक्त उद्गार पचोड्डा के बाला जी मंदिर में चल रहे राम कथा के चौथे दिन कथा वाचिका सिद्धि किशोरी ने व्यक्त किया ।उन्होंने कहा कि राम से लगन लगा कर देखो संसार की हर वस्तु फीकी नजर आएगी। आनंद शंकर पांडे, चंद्रशेखर अग्निहोत्री, शिव शंकर लोधी , रौनक मिश्र, गुड्डू महराज, दिलीप तिवारी, कोमल ,दिव्या,रिंकी,शालिनी आदि मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनी समस्याएं

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में 43 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से पांच प्रकरणों का समाधान मौके पर किया गया। सर्वाधिक मामले राजस्व के थे। एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने सभी फरियादियों को गंभीरता से सुना। स्थानीय तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव व सीओ तेज बहादुर सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनके शीघ्र निस्तारण का निर्देश मातहतों को दिया। राजस्व के 29, पुलिस के 7, विकास के 2 व अन्य पांच प्रकरण आए जिनमें से 5 प्रकरणों का निराकरण मौके पर ही एसडीएम ने कराया। मौसम की बेरुखी के चलते फरियादियों की संख्या अपेक्षानुरूप नहीं रही। इस दौरान तहसीलदार मनीष द्विवेदी, राजस्व व पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# घाट पर अंतिम संस्कार कराने वाले पण्डो से शोकाकुल परिवार त्रस्त

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र स्थित बक्सर श्मशान घाट में आचार्यो व जमादारों द्वारा अधिक मांग किये जाने पर बेबस शोक संतृप्त परिवार की आत्मा कहर उठती है। कुछ परिवारों ने तो उच्च अधिकारियों से शिकायत कर कार्यवाही की भी मांग की है। तहसील क्षेत्र का बक्सर घाट लाखो की आबादी के मध्य एकलौता घाट है। उन्नाव ही नही फतेहपुर,रायबरेली सीमा पर के भी लोग अपने परिजनों का अंतिम संस्कार इसी घाट पर करने आते है ।शोक संतृप्त परिवारों के अनुसार आचार्यो व जमादारों के द्वारा मनमानी तरीके धन उगाही की जाती है वहीं घाट में कार्यरत स्थानीय जामादार अधिक धन की उगाही को लेकर अन्तिम संस्कार करने वाले परिवारों से मारपीट पर अमादा हो जाते हैं। अंतिम संस्कार करने वाले परिवार को कई चरणों से गुजरना पड़ता है। घाट में फैली गंदगी को साफ करने वाले घटवारी,चिता के लिए लगाए जाने वाले चार बड़े खूंटे, उनमें लकड़ी भरना,आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रों के समय मनमाने धन की मांग ,चिता को अग्नि के लिए कुचरा देने वाले,बची हुई पिंडी को नाव से ले जाने वाले नाविक,तर जलाने के बाद सफाई करने वाले,बक्सर में लकड़ी का अधिक दाम ,घाट में चिता आदफन करने के गड्ढे खोदने आदि में मनमाने तरीके से धन की मांग की जाती है। क्षेत्रवासियों में नारायण दास खेडा निवासी पारुल शर्मा, ऊँचगांव निवासी राजेश तिवारी,सुमेरपुर निवासी तेज नारायण शुक्ला सहित दर्जनों ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी व उच्च अधिकारियों से आचार्यों की एक निश्चित धन राशि, लकड़ी का निर्धारित रेट, घटवारी की निश्चित धन राशि के साथ बक्सर स्थित श्मशान घाट में कार्यरत कर्मचारियों का एक नाम बोर्ड अंकित करने की मांग की है।

# घने कोहरे के चलते वाहनों की गति हुई धीमी

अमन लेखनी समाचार

गंजमुरादाबाद, उन्नाव। बीती रात क्षेत्र में करीब 14 घंटे तक भीषण कोहरे का प्रकोप बना रहा जिससे वाहनों की रफ्तार धीमी हुई तो दृश्यता भी महज करीब 10 मीटर के करीब आंकी गई। ज्ञात हो बीते शुक्रवार को देर शाम करीब 9 बजे समूचा क्षेत्र घने कोहरे की चादर से ढक गया जिससे रात के समय वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया इस दौरान हरदोई उन्नाव मार्ग, आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे सहित सभी प्रमुख मार्गों पर वाहन लाइट जलाकर रेंगते हुए दिखाई दिए देर शाम से शुरू हुआ कोहरे का प्रकोप शनिवार सुबह करीब 11 बजे तक बना रहा जिससे लगभग 14 घंटे तक समूचा क्षेत्र कोहरे की चादर में लिपटा रहा ।लोगो के अनुसार सर्दी सीजन का सबसे भीषण कोहरा था इस दौरान मार्गों पर दृश्यता भी करीब 10 मीटर या इससे भी कम होने की चर्चा हो रही है।

# सफाई कर्मियों को दो माह से नहीं मिला वेतन कार्य बाधित

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज नगर पंचायत सफाई कर्मियों का दो माह से बेतन न मिलने से सफाई कार्य चौथे दिन भी बाधित रहा। शनिवार को सभी कर्मचारी पंचायत कार्यालय पर एकत्र रहे। दिसंबर माह का भुगतान उनके खातों में भेजने व रुके नवंबर का शीघ्र भुगतान का आश्वासन मिला है जिस पर नाराज सफाई कर्मियों ने रविवार से काम करने को कहा है। नगर पंचायत अचलगंज के 15 वार्डों में तैनात सफाई कर्मचारियों का वेतन का भुगतान नगर पंचायत के अनुबंधित ठेकेदार द्वारा होता रहा है जो उनके खातों में पंचायत के माध्यम से भेजा जाता है। नवंबर व दिसंबर के भुगतान न मिलने से सफाई कर्मी आक्रोशित रहे औ? कार्य का बहिष्कार कर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। जिसके बाद दिसंबर का बेतन उनके खातों में पहुंचा , अभी नवंबर का वेतन रुका है। नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने बताया कि नवंबर से सफाई कर्मियों का ठेकेदार बदला है जिससे वेतन रुका है नये ठेकेदार ने दिसंबर का बेतन शुक्रवार को ही खातों में भेजा था जो रह गये थे उन्हें आज मिल गया है। ईओ शालिनी त्रिपाठी ने बताया कि नवंबर का वेतन भुगतान पुराने ठेकेदार को करना है जिससे शीघ्र भुगतान को कहा गया है।

## सम्पादकीय

# दुनिया में गंभीर संकट पैदा कर रहे ईरान के बिगड़ते हालात

ईरान में बिगड़ते हालात (आर्थिक संकट, सरकार विरोधी प्रदर्शन और हालिया इजराइल-ईरान संघर्ष के बाद की स्थिति) दुनिया को युद्ध की ओर धकेल रहे हैं, क्योंकि इससे क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ रही है, जिससे एक बड़े टकराव की आशंका पैदा हो गई है, खासकर अमेरिका और इजराइल के साथ। इस बीच भारत ने भी ईरान में अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर कहा कि जो भी भारतीय नागरिक, चाहे वे छात्र हों, तीर्थयात्री हों, व्यापारी हों या पर्यटक, इस समय ईरान में हैं, उन्हें जल्द से जल्द वहां से निकल जाना चाहिए। सभी भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतनी चाहिए। विरोध प्रदर्शन या भीड़भाड़ वाली जगहों से दूर रहें। ईरान की बदलती परिस्थितियों को देखते हुए यह सलाह जारी की गई है। वहीं, विश्लेषकों का कहना है कि ईरान कमजोर हुआ है और आंतरिक असंतोष के बीच सरकार दबाव में है, जबकि बाहरी शक्तियां हस्तक्षेप की फिराक में हैं, जिससे स्थिति और विस्फोटक हो सकती है। किसी भी छोटी सी चूक से क्षेत्र में बड़ा संघर्ष छिड़ सकता है और विश्वभर में गंभीर संकट पैदा हो सकता है। ईरान में अमेरिका के दखल के बाद से हालात और पेचिदा हो रहे हैं। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का टुथ सोशल पर ईरानी प्रदर्शनकारियों से कहना कि मदद रास्ते में है। ईरानी देशभक्तों, विरोध जारी रखिए। हत्यारों और अत्याचारियों के नाम सुरक्षित रखिए। वे इसकी भारी कीमत चुकाएंगे। ट्रंप की इस टिप्पणी के गंभीर मायने हैं। इससे दुनिया में तनाव बढ़ गया है। अमेरिका के करीबी तीन खाड़ी अरब देश सऊदी अरब, कतर और ओमान ईरान पर किसी भी तरह की सैन्य कार्रवाई को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। ये डिप्लोमैटिक लेवल पर सक्रिय हैं, क्योंकि ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ कार्रवाई की धमकी दी है। हालांकि ट्रंप ने ईरान के खिलाफ मिलिट्री कार्रवाई का प्लान फिलहाल होल्ड पर रख दिया है, लेकिन अमेरिकी सेना को तैयार रहने के लिए कहा गया था, ताकि आदेश मिलते ही तुरंत एक्शन लिया जा सके। अब सवाल यह है कि अमेरिका आखिर चाहता क्या है। क्योंकि ट्रंप दुनिया को अस्थिरता की ओर धकेल रहे हैं। इसके गंभीर परिणाम सामने आएंगे। अगर अमेरिका ईरान पर हमला करता है तो वह कतर से ईरान को निशाना बना सकता है। चूंकि कतर को मध्य पूर्व में अमेरिका का अहम सैन्य साझेदार माना जाता है। यहां स्थित अल उदीद एयर बेस अमेरिका का सबसे बड़ा और रणनीतिक सैन्य अड्डा है, जहां 10 हजार से ज्यादा अमेरिकी सैनिक, आधुनिक फाइटर जेट और ड्रोन तैनात हैं। इसके अलावा पाकिस्तान भी हमले के लिए अमेरिका को अपना एयरबेस देने के लिए तैयार है। इस तरह के हालात डरावने हो सकते हैं। निश्चित रूप से युद्ध जैसी स्थिति के परिणाम दुनिया के लिए गंभीर खतरा होंगे। ईरान में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के ख़िलाफ़ सड़कों पर उबाल जारी है। एक अधिकारिक रिपोर्ट के मुताबिक ईरान में अब तक करीब 3,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, प्रदर्शनकारियों को आतंकवादी करार देते हुए उन्हें कुचला जा रहा है, लेकिन यह केवल आंतरिक हिंसा नहीं है, बाहर से अमेरिका इस आग में घी डालने का काम लगातार कर रहा है। अब ईरान सरकार जल्द से जल्द आर्थिक सुधार लागू करे और साथ ही धार्मिक कट्टरता कम करके उदार और प्रगतिशील साथियों की मदद ले, उसी से पूंजीवादी गिद्धों को दूर रखा जा सकेगा और बाहरी ताकतों को रोककर देश में शांति व्यवस्था को कायम किया जा सकेगा।



अंगीठी का दंश
मनोज कुमार अग्रवाल

# घर-घर में साइलेंट किलर जरा सी चूक जीवन पर भारी

इन दिनों देश के अनेक भागों में कड़ाके की ठंड पड़ने से तापमान शून्य से भी नीचे चला गया है। ऐसे में ताप के लिए चंद लोग कमरों में अंगीठी जलाकर सोने के कारण जहरीला धुआं चढ़ने से मृत्यु के शिकार हो रहे हैं। वहीं सैकड़ों लोग बिना वेंटिलेशन वाले बाथरूम में गैस गीजर के इस्तेमाल से आक्सीजन कम होने पर जान गंवा देते हैं। भारत के अलग-अलग हिस्सों से हर कुछ महीनों में एक जैसी खबरें सामने आती हैं। बाथरूम में नहाते समय गैस गीजर से निकली जहरीली गैस, दम घुटना और फिर अचानक बाथरूम में नहाने वाले की मौत हो जाना। ये खबरें चौंकाती जरूर हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद भुला दी जाती हैं। यही भूल सबसे खतरनाक है। क्योंकि गैस गीजर कोई अचानक खराब होने वाली मशीन नहीं, बल्कि एक ऐसा खामोश खतरा है, जो जरा सी लापरवाही पर जान ले सकता है। आपको पता हो कि कमरे में लकड़ी या कोयले की अंगीठी जलाकर रखने से 'ऑक्सीजन' की कमी हो जाती है और 'कार्बन मोनोआक्साइड' सीधे दिमाग पर असर डालती है, जो सांस के जरिए पूरे शरीर में फैल जाती है। इससे शरीर में ' हीमोग्लोबिन' कम हो जाने से व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। इसी तरह बाथरूम में गैस गीजर चलाने पर भी आक्सीजन कम हो जाती है और कई लोग हर साल जान गंवा देते हैं। कुछ दुखद घटनाओं की बानगी देखिए 22 दिसंबर को यूपी के पीलीभीत में शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ले गुरुकुल पुरम में बाथरूम में गैस गीजर का प्रयोग करने के कारण ऑक्सीजन की मात्रा कम होने से डीआरडीए के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और उनकी पत्नी की मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ। नहाते समय पत्नी का दम घुटने पर पति उन्हें बचाने के लिए पहुंचा, लेकिन वह भी चपेट में आ गया और दोनों की मौत हो गई। 2 जनवरी को पंजाब के शिवसेना नेता दीपक कंबुज की 22 वर्षीय पुत्री मुनमुन की बाथरूम में दम घुटने से मौत हो गई। 27 दिसम्बर, 2025 को 'छपरा' (बिहार) में ठंड से बचने के लिए एक कमरे में अंगीठी जलाकर सो रहे 3 बच्चों और उनकी नानी की दम घुटने से मृत्यु हो गई तथा परिवार के 3 अन्य सदस्य गंभीर रूप से बीमार हो गए। इस घटना में मारे गए तीनों बच्चे रिश्ते में भाई-बहन थे जो सर्दी की छुट्टियों में ननिहाल आए हुए थे 31 दिसम्बर, 2025 को 'गयाजी' (बिहार) के 'कुकिंहार' गांव में कमरे के भीतर ठंड से बचने के लिए दरवाजा और खिड़की बंद करके अंगीठी जला कर सो रहे 'सुजीत कुमार' और 'अंशु कुमारी' नामक भाई-बहन तथा उनकी नानी 'मीना देवी' की दम घुटने से मौत हो गई। 8 जनवरी, 2026 को 'तरनतारन' (पंजाब) में 'गुरमीत सिंह' तथा उनकी पत्नी 'जसबीर कौर' की ठंड से बचने के लिए जला कर कमरे में रखी लकड़ियों की गैस से दम घुटने के कारण मौत हो गई। 8 जनवरी, 2026 को ही 'पटौदी' (हरियाणा) में ठंड से बचने के लिए कमरे में अंगीठी सुलगा कर सोना एक श्रमिक के परिवार पर आफत बन कर टूटा तथा दम घुटने से एक 11 वर्षीय बच्ची की मृत्यु एवं परिवार के 3 अन्य सदस्य गंभीर रूप से बीमार हो गए। 9 जनवरी, 2026 को 'हजारीबाग' (झारखंड) के 'बानादाग' गांव में कड़ाके की ठंड से बचने के लिए कमरे में अंगीठी जलाकर सो रहे दम्पति की दम घुटने से जान चली गई। 9 जनवरी, 2026 को ही 'कोडरमा' (झारखंड) के 'पूरना नगर' में ठंड से बचने के लिए बंद कमरे में कोयला जलाकर सो रहे पति-पत्नी 'वीरेंद्र शर्मा' और 'कांति देवी' की दम घुटने से मौत हो गई। 9 जनवरी, 2026 को ही 'उत्तर काशी' (उत्तराखंड) के 'चाम्पकोट' में कमरे में जल रही अंगीठी की गैस के कारण एक युवक की मृत्यु हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से बीमार हो गया। 10 जनवरी, 2026 को 'आरा' (बिहार) के 'छोटकी सिंगरी' गांव में एक कमरे में अपने माता-पिता और बहन के साथ ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाकर सो रहे 12 वर्षीय बच्चे 'बजरंगी सिंह' की मौत हो गई जबकि उसके माता-पिता और बहन गंभीर रूप से बीमार हो गए।



ऊर्जा नीति
रोहित माहेश्वरी

भारत में सौर ऊर्जा का तेजी से विस्तार होना एक बड़ी सफलता माना जा रहा है, जो वर्ष 2014 में मात्र 3 गीगावाट से बढ़कर वर्ष 2025 में लगभग 129 गीगावाट तक पहुंच गई है। इसमें ग्राउंड-माउंटेड प्रोजेक्ट, रूफटॉप सोलर, हाइब्रिड सिस्टम और ऑफ-ग्रिड इंस्टॉलेशन शामिल हैं। बड़े सौर पार्कों के साथ-साथ लाखों घरों पर लगे रूफटॉप सिस्टम अब बिजली पैदा कर ग्रिड में ऊर्जा पहुंचा रहे हैं। अब भारत को वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता हासिल करने के लिए प्रेरित करती है। भारत की सौर ऊर्जा क्षमता जुलाई 2025 तक 4,000 प्रतिशत बढ़ गई थी और देश की कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 227 गीगावाट तक पहुंच गई थी।

# भारत में सौर ऊर्जा का तेजी से होता विस्तार

मोदी सरकार के प्रयासों से भारत की सौर ऊर्जा क्षमता में पिछले दशक में उल्लेखनीय रूप से विस्तार हुआ है। विशाल सौर पार्कों से लेकर शहरों, कस्बों और गांवों की नीली छतों तक, हर जगह सोलर पैनल नजर आते हैं। सिर्फ एक दशक पहले, भारत का सौर ऊर्जा परिदृश्य अपनी प्रारंभिक अवस्था में था, जहां सोलर पैनल केवल कुछ छतों और रेगिस्तानों में ही दिखते थे। आज, देश इतिहास रचने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत आधिकारिक तौर पर जापान को पीछे छोड़कर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। असल में, नवीकरणीय ऊर्जा देश की जलवायु रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

भारत में सौर ऊर्जा का तेजी से विस्तार होना एक बड़ी सफलता माना जा रहा है, जो वर्ष 2014 में मात्र 3 गीगावाट से बढ़कर वर्ष 2025 में लगभग 129 गीगावाट तक पहुंच गई है। इसमें ग्राउंड-माउंटेड प्रोजेक्ट, रूफटॉप सोलर, हाइब्रिड सिस्टम और ऑफ-ग्रिड इंस्टॉलेशन शामिल हैं। बड़े सौर पार्कों के साथ-साथ लाखों घरों पर लगे रूफटॉप सिस्टम अब बिजली पैदा कर ग्रिड में ऊर्जा पहुंचा रहे हैं। दरअसल, भारत उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में स्थित है, जहां कर्क रेखा कई राज्यों से होकर गुजरती है। इससे देश में सौर ऊर्जा उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। भारतीय महाद्वीप की कुल सौर ऊर्जा क्षमता 748 गीगावाट है। राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में देश की सबसे अधिक सौर ऊर्जा क्षमता है, जो उन्हें भारत के स्वच्छ ऊर्जा विकास के प्रमुख चालक बनाती है। चूंकि सौर ऊर्जा अब भारत के ऊर्जा मिश्रण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है तथा भारत को वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता हासिल करने के लिए प्रेरित करती है। भारत की सौर ऊर्जा क्षमता जुलाई 2025 तक 4,000 प्रतिशत बढ़ गई थी और देश की कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 227 गीगावाट तक पहुंच गई थी। जम्मू-कश्मीर का पल्ली गांव एक उल्लेखनीय उदाहरण बन गया, जो पूरी तरह से सौर ऊर्जा पर चलने के कारण भारत की पहली कार्बन-न्यूट्रल पंचायत के रूप में उभरा। भविष्य की ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए ऊर्जा भंडारण और नई तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। देश में राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र तथा तमिलनाडु शीर्ष सौर उत्पादक राज्यों में शामिल हैं, जिनमें राजस्थान की सौर क्षमता अत्यधिक है तथा वहां निरंतर विस्तार के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। पीएम सूर्य घर मिशन, नवीकरण ऊर्जा और नेट-जीरो उत्सर्जन की ओर भारत के प्रयासों के मुख्य स्तंभों में से एक है। 13 फरवरी 2024 को मंत्रिमंडल की मंजूरी के साथ शुरू की गई इस योजना का कुल खर्च 75,021 करोड़ रुपये है। इसका मकसद एक करोड़ घरों को रूफटॉप सौर ऊर्जा प्रणाली देना है, जिससे हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी। यह योजना नवीकरण ऊर्जा स्रोत अपनाने को बढ़ावा देती है, जिससे भारत के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के वादे को समर्थन मिलता है। दिसंबर 2025 तक, 23.9 लाख घरों में पहले ही 7 जीडब्ल्यू स्वच्छ ऊर्जा की स्थापित क्षमता के साथ रूफटॉप सोलर लगाए जा चुके हैं और पीएम सूर्य घर के तहत 13,464.6 करोड़ रुपये की सब्सिडी जारी की गई है, जिससे यह योजना 1 करोड़ सौर ऊर्जा आधारित घरों के अपने लक्ष्य को पाने की राह पर है। सरकारी आंकड़ों के



मुताबिक सब्सिडी योजना के तहत लगभग 24 लाख घरों में सौर ऊर्जा प्लांट लगे हैं। पीएम-कुसुम योजना किसानों को डीजल के बजाय सौर ऊर्जा का उपयोग करने में सहायता करती है। सरकार बिजली ग्रिड से जुड़े बड़े सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिए 'सोलर पार्कों और अल्ट्रा मेगा सौर ऊर्जा परियोजनाओं का विकास' नामक एक योजना चला रही है। गौरतलब है कि वर्ष 2014 के बाद भारत की सोलर पीवी सेल बनाने की क्षमता लगभग 21 गुना बढ़ गई है। मध्य प्रदेश स्थित ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर पार्क, एशिया के सबसे बड़े फ्लोटिंग सोलर पार्कों में से एक है, जिसकी नियोजित क्षमता 600 मेगावाट है। इसकी लागत 330 करोड़ रुपये है, जिसमें केंद्र सरकार 49.85 करोड़ रुपये का सहयोग प्रदान करेगी। सौर ऊर्जा की बढ़त से भारत की कोयले पर निर्भरता कम हो गई है। हालांकि थर्मल और अन्य गैर-नवीकरणीय स्रोतों से अब भी कुल क्षमता का आधे से ज्यादा हासिल होता है। सौर ऊर्जा अब कुल ऊर्जा में 20 फीसदी से अधिक का योगदान करती है। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि तो है लेकिन इसके साथ एक चुनौती भी है। बेशक यह इस्तेमाल में साफ यानी प्रदूषण मुक्त है, लेकिन अगर सही तरीके से प्रबंधन न किया जाए तो सोलर पैनल पर्यावरण के लिए खतरा बन सकते हैं। सोलर पैनल का ज्यादातर हिस्सा रिसाइकल किया जा सकता है। इनमें कांच, एल्युमिनियम, चांदी और पॉलिमर होते हैं। लेकिन इनमें थोड़ी मात्रा में ही मौजूद सीसा और कैडमियम जैसी जहरीली धातुओं को अगर ठीक तरीके से संभाला न जाए तो ये मिट्टी और पानी को प्रदूषित कर सकती हैं। आमतौर पर सोलर पैनल लगभग 25 साल तक चलते हैं, उसके बाद उन्हें हटाकर फेंक दिया जाता है। फिलहाल भारत में सौर कचरे को रिसाइकल करने के लिए अलग से कोई बजट नहीं है और पुराने पैनलों को प्रोसेस करने के लिए कुछ छोटे-छोटे केंद्र ही हैं। भारत के पास सौर कचरे का कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं है। एक अध्ययन के मुताबिक 2023 तक लगभग 1 लाख टन और 2030 तक 6 लाख टन तक सौर कचरा पैदा हो सकता है। अभी यह मात्रा कम है, लेकिन विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि कचरे का असली बोझ आगे आने वाला है। ऊर्जा, पर्यावरण और जल परिषद (सीईईडब्ल्यू) के एक नए अध्ययन के मुताबिक, भारत में 2047 तक 1.1 करोड़ टन से ज़्यादा सौर कचरा पैदा हो सकता है। इसे सुरक्षित रूप से ठिकाने लगाने के लिए लगभग 300 विशिष्ट रीसाइक्लिंग केंद्र चाहिए होंगे और अगले दो दशक में करीब 47.80 करोड़ डॉलर का निवेश करना होगा। संभावित खतरों को देखते हुए भारत में 2022 में सोलर पैनलों को ई-वेस्ट नियमों के तहत लाया गया। इससे अब यह निर्माताओं की जिम्मेदारी है कि पैनलों की उम्र पूरी होने पर वे (निर्माता) उन्हें इकट्ठा करें, स्टोर करें, तोड़ें और रिसाइकल करें। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत की सौर ऊर्जा की यात्रा इस बात का उदाहरण है कि कैसे लक्षित नीति, प्रौद्योगिकी नवाचार और रणनीतिक सहयोग किसी देश के ऊर्जा परिदृश्य को बदल सकते हैं। असल में सौर ऊर्जा न केवल भारत के नवीकरण ऊर्जा मिश्रण की रीढ़ बन गई है, बल्कि सतत आर्थिक विकास, ऊर्जा सुरक्षा और क्लाइमेट लीडरशिप के लिए अहम कारक है। अंतरराष्ट्रीय सौर अलायंस और ओएसओडब्ल्यूओजी जैसी पहलों के जरिए वैश्विक भागीदारी के साथ बड़े पैमाने पर योजनाओं पर अमल के साथ, भारत यह दिखा रहा है कि सौर ऊर्जा एक घरेलू समाधान और वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा प्रगति का जरिया, दोनों हो सकती है। जैसे-जैसे भारत अपनी सौर ऊर्जा क्षमता बढ़ा रहा है, नवाचार को बढ़ावा दे रहा है और सबको साथ लेकर चलने वाली पहुंच मुमकिन बना रहा है, यह एक मजबूत, निम्न-कार्बन वाले भविष्य की ओर एक साफ रास्ता बना रहा है-दुन्यिा को दिखा रहा है कि सौर ऊर्जा राष्ट्रीय और वैश्विक, दोनों तरह के जलवायु लक्ष्यों को पाने के लिए जरूरी है।

## मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित
दर्शन

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

## अर्जुन को विद्या पर था घमंड, शिवजी ने तोड़ा था



संकलित
प्रेरणा

महाभारत का प्रसंग है। कोरव और पांडवों का युद्ध तय हो गया था। दोनों ही पक्ष युद्ध की तैयारियां कर रहे थे। उस समय अर्जुन ने एक पर्वत पर देवराज इंद्र से दिव्यास्त्र पाने के लिए तप किया। देवराज इंद्र प्रकट हुए और उन्होंने कहा कि मुझसे दिव्यास्त्र लेने से पहले तुम्हें शिव जी को प्रसन्न करना होगा। इंद्र देव की बात मानकर अर्जुन ने शिव जी को प्रसन्न करने तप शुरू कर दिया। जिस जगह अर्जुन तप कर रहे थे, वहां एक दिन एक जंगली सूअर आ गया। सूअर एक मायावी दैत्य था। अर्जुन ने जैसे ही जंगली सूअर को देखा, उन्होंने अपने धनुष पर बाण चढ़ा लिया। तभी वहां किरात वनवासी पहुंच गया। किरात वनवासी कोई और नहीं, बल्कि शिवजी ही थे, जो वेष बदलकर आए थे। वनवासी ने अर्जुन को बाण चलाने से रोक दिया और कहा कि ये मेरा शिकार है। ये बात सुनने के बाद भी अर्जुन ने तीर सूअर की ओर छोड़ दिया। वनवासी ने भी उसी समय बाण छोड़ दिया। अर्जुन और वनवासी के बाण एक साथ उस सूअर को लगे। सूअर तो मर गया, लेकिन इन दोनों के बीच विवाद होने लगा। ये विवाद युद्ध तक पहुंच गया। युद्ध के बीच में वनवासी का एक बाण अर्जुन को लग गया। इसके बाद अर्जुन ने कुछ देर के लिए युद्ध रोका और मिट्टी का एक शिवलिंग पूजा की। पूजा में जो माला अर्जुन ने शिवलिंग पर चढ़ाई थी, वह उस वनवासी के गले में दिखाई देने लगी। ये देखकर अर्जुन समझ गए कि ये स्वयं शिव जी ही हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### मकर संक्रांति और संस्कृति

मकर संक्रांति का पर्व भारतीय संस्कृति में केवल एक तिथि नहीं, बल्कि ऋतु परिवर्तन, सामाजिक सहभागिता और लोकजीवन की जीवंत अभिव्यक्ति है। यह वह समय है जब सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर अग्रसर होता है और प्रकृति के साथ-साथ मानव जीवन में भी नई ऊर्जा का संचार होता है। इस पर्व से जुड़ी पतंगबाजी की परंपरा सदियों से चली आ रही है, जिसने समय के साथ स्वयं को केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रखा, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और स्वास्थ्य संबंधी आयामों को भी अपने भीतर समाहित किया है। आज पतंग उड़ाना सिर्फ छतों पर खड़े होकर डोर खींचने का खेल नहीं, बल्कि सामूहिक उत्सव, मानसिक प्रसन्नता और शारीरिक सक्रियता का प्रतीक बन चुका है। *-गिरीश देवांगन, दुर्ग*

## ट्रेंड

#### मकर संक्रांति व पोंगल की बधाई



पोंगल का त्योहार हमें प्रकृति, परिवार और समाज के बीच एक अच्छा संतुलन बनाए रखने का महत्व सिखाता है। जमीन और सूरज के प्रति हमारी कृतज्ञता दिखाता है। मकर संक्रांति और पोंगल कि देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

#### देशवासियों के कल्याण की कामना



स्वसंस्कृति व स्वधर्म की रक्षा के लिए सरबंस दानी गुरु गोबिंद सिंह जी ने त्याग व बलिदान के जो आदर्श स्थापित किए थे, वे हर देशवासी के लिए आज भी प्रेरणास्रोत हैं। आज अहमदाबाद के थलतेज में गुरुद्वारा गोबिंद धाम में मत्था टेक कर देशवासियों के कल्याण की कामना की। -अमित शाह, गृह मंत्री

#### वेटरन्स को उचित सम्मान



सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद जीवन का एक नया अध्याय शुरू होता है। सरकार का प्रयास है कि यह अध्याय गरिमा और आत्मनिर्भरता से परिपूर्ण हो। अपने वेटरन्स के साथ-साथ हम उन सैनिकों को भी उचित सम्मान दे रहे है, जिन्होंने राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। -राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

#### तमिल संस्कृति पर हमला



सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से 'जना नायकन' को रोकने की कोशिश तमिल संस्कृति पर हमला है। मिस्टर मोदी, आप कभी भी तमिल लोगों की आवाज को दबाने में सफल नहीं होंगे। भारत लोकतांत्रिक देश है व लोकतंत्र का मतलब है कि हर नागरिक की आवाज सुनी जाए। -राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

## करंट अफेयर

# मेरी किताब लोगों को जुड़ने करेगी प्रेरित : पद्मा लक्ष्मी



भारतीय-अमेरिकी टेलीविजन हस्ती और पाक कला विशेषज्ञ पद्मा लक्ष्मी ने कहा कि अमेरिका में मौजूदा वक्त 'अंधकारमय' है और साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि उनकी नयी किताब ऐसे समय में अलग-अलग समुदायों के लोगों को एक-दूसरे के प्रति जिज्ञासा जगाने, संवाद करने और जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह दौर शायद और भी 'अंधकारमय हो जाएगा', फिर अंत में रोशनी की किरण दिखाई देगी। पाक कला पर लक्ष्मी की नवीनतम पुस्तक 'पद्माज़ ऑल अमेरिकन : टेल्स, ट्रेवल्स, एंड रेसिपीज़ फ्रॉम टेस्ट द नेशन एंड बियॉन्ड' अमेरिका की समृद्ध पाक कला और प्रवासी विविधता का संग्रह है।

## ऑफ बीट

# प्लास्टिक कप से निकल सकते हैं माइक्रोप्लास्टिक के कण



एक नए अध्ययन में दावा किया गया है कि प्लास्टिक या प्लास्टिक-लाइनिंग वाले कॉफी कप के गर्म पेय के संपर्क में आने पर बड़ी संख्या में माइक्रोप्लास्टिक कण निकल सकते हैं, जो सीधे पेय में मिल जाते हैं। शोध के अनुसार, तापमान माइक्रोप्लास्टिक के उत्सर्जन का सबसे अहम कारण है और कप की सामग्री इसमें निर्णायक भूमिका निभाती है। जैसे-जैसे पेय का तापमान बढ़ता है, प्लास्टिक से सूक्ष्म कणों के निकलने की दर भी बढ़ जाती है। अध्ययन में बताया गया है कि ऑस्ट्रेलिया में हर साल लगभग 1.45 अरब सिंगल-यूज हॉट बेवरेज कप इस्तेमाल किए जाते हैं, जबकि वैश्विक स्तर पर यह संख्या करीब 500 अरब प्रतिवर्ष है। यह संख्या अधिक भी हो सकती है।

## संक्षेप

### हल्का कोहरा, आवागमन सामान्य

**पारा 9 डिग्री, धूप निकलने से लोगों को मिली राहत**

संवाददाता

अमेठी , हल्का कोहरा देखा गया, हालांकि आवागमन सामान्य बना रहा। शीतलहर के कारण ठंड बरकरार है, लेकिन धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत मिली है। जिले में मौसम साफ है। आज सुबह का तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिसके दोपहर तक 18 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। हल्का कोहरा होने के कारण सड़क हादसों का खतरा कम हो गया है और वाहन सड़कों पर सामान्य गति से चल रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से अमेठी में कड़ाके की ठंड पड़ रही थी, जब पारा 7 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया था। उस दौरान घने कोहरे के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ था और वाहनों की रफ्तार भी धीमी हो गई थी। हालांकि, पिछले पांच दिनों से जिले का मौसम पूरी तरह साफ हो चुका है। कोहरा न होने और तेज धूप निकलने से जनजीवन सामान्य हो रहा है। लोग अब घरों से बाहर निकल रहे हैं, और ठंड से पूरी तरह राहत मिलने के आसार नजर आ रहे हैं।

### बाजार में चाकू से हमला, दो युवक घायल

**तीन नामजद आरोपियों पर एस सी एस टी सहित गम्भीर धाराओं में केस दर्ज**

संवाददाता

अमेठी , थाना बाजार शुकुल क्षेत्र के जैनबगंज बाजार में बुधवार शाम चाकूबाजी की घटना सामने आई है। मामूली कहासुनी के बाद हुए इस हमले में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, धर्मेंद्र पुत्र जगत लाल पासी निवासी जली बालापुर पेट्रोल पंप से मोटरसाइकिल में पेट्रोल भरवाकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान तबरेज, एजाज और शाहरुख ने उन पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस को मिली तहरीर के मुताबिक, विवाद मामूली कहासुनी से शुरू हुआ और जल्द ही मारपीट में बदल गया। आरोप है कि हमलावरों ने धर्मेंद्र के साथ मारपीट की और गाली-गलौज की। इसी दौरान एक आरोपी ने चाकू निकालकर धर्मेंद्र के सिर पर वार कर दिया। धर्मेंद्र को बचाने आए उनके बहनोई शिवकुमार पुत्र हनुमान निवासी पूरे बख्शी बुबूपुर को भी गंभीर चोटें आई हैं। दोनों घायल युवकों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष ने नजदीकी थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी। थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि इस मामले में तबरेज, एजाज और शाहरुख नामक तीन नामजद आरोपियों के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन

## हिंदू विरोधी गतिविधियों से सावधान रहने का किया आह्वान

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। शनिवार को चर्दा जामोग बाजार के बाबा बलदेव मंदिर परिसर में सनातन धर्म हिंदू समाज के तत्वावधान में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में हजारों की संख्या में हिंदू जन सैलाब देखने को मिला। आपको बताते चलें कि इस विशाल हिंदू सम्मेलन में आए हुए अतिथियों एवं पत्रकारों को बैच लगाकर स्मृति चिन्ह अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस विशाल हिंदू सम्मेलन के मुख्य अतिथि वीरेंद्र गिरी महराज रहे। गिरि महाराज ने अपने संबोधन में हिंदुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी सनातनियों को मस्जिद मदरसा व मिशनरियों से सावधान सावधान रहना है और हिन्दूओं को संगठित होकर एवं एक जुट रहने पर जोर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाराज वीरेंद्र गिरी ने दीप प्रज्वलन द्वारा किया। वहां पर उपस्थित हिंदुओं का जन सैलाब एक स्वर में भारत माता की जय वंदे मातरम जय श्री राम जय जय श्री राम उद्घोष से पंडाल एवं बाबा बलदेव मंदिर परिसर गूंज उठा। ज्ञातव्य हो कि कार्यक्रम की शुरूआत अनूप मिश्रा ने करते हुए कहा सनातन धर्म के हिंदुओं जागो अगर बाटोगे तो काटोगे अगर समय पर एकजुट नहीं हुए तो बांग्लादेश जैसी यहां भी आ जाएगी। सतर्कता दिखाना जरूरी है। इसी क्रम में लोकप्रिय जनप्रिय यशस्वी अध्यक्ष इन्द्र बहादुर ने हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा सनातन संस्कृति और सामाजिक समरसता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदू समाज को संगठित करने के लिए पहले स्वयं में परिवर्तन लाना होगा। उन्होंने कहा कि आज हिन्दू समाज में लोग एक साथ बैठकर खान-पान तक नहीं करते, जिससे आपसी दूरी बढ़ रही है। जब तक हम स्वयं नहीं बदलेंगे, तब तक समाज को संगठित करना संभव नहीं है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में भारत में हिंदू समाज की सुरक्षा को लेकर चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं, जिनका मूल कारण सामाजिक भेदभाव और आपसी बिखराव है। उन्होंने कहा कि आज सनातन धर्म के लोगों को जागरूक रहने की जरूरत है जहां मस्जिद मदरसा बन रहा हो मिशनरियों के लोग दिखाई दे रहे हो सावधान रहने की जरूरत है। वरना इसका खामियाजा आपके पोते और पर पोते भुगतेंगे। सम्मेलन को संबोधित करते मुख्य वक्ता प्रांत धर्म जागरण प्रमुख अवध प्रांत सुरेन्द्र ने सनातनियों को संगठित होने पर जोर दिया उन्होंने कहा कि आज समय आ गया है सनातन धर्म के लोगों को एकजुट होने का। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता से ही समाज और राष्ट्र सशक्त बनता है। सभी वर्गों को साथ लेकर चलना ही हिंदू समाज की वास्तविक शक्ति है। इस अवसर पर आर, एस, एस, जिला प्रचारक अजय, हिंदू सम्मेलन समिति संयोजक पंकज जयसवाल, सह संयोजक-अनूप मिश्रा, गौरव जयसवाल, शान्तनु सिंह, विशनू चौरसिया, संगम जयसवाल, राजकुमार सोनी, पंकज कश्यप, अरुण पाठक, आशीष त्रिपाठी पिन्टू सोनी, मनीष जयसवाल, राज कुमार कश्यप, राजन जयसवाल, लव कुश आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख जयप्रकाश सिंह, नगर पंचायत रुपईडीहा चेयरमैन डॉ उमाशंकर वैश्य, पूर्व उप ब्लॉक प्रमुख तेज प्रसाद वर्मा, प्रधान सोरहिया फौजदार वर्मा, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय मिश्रा, ललित त्रिपाठी, पत्रकार रमेश मिश्रा, राहुल उपाध्याय, अशोक पाठक, रविंद्र मिश्रा, रुद्र प्रताप मिश्रा, देवेश पांडेय सहित सम्मानित नागरिक गणमान्य लोग हजारों की संख्या में उपस्थित रहे।

# रविवार को मतदाता सूची का महाअभियान

**सभी बीएलओ रहेंगे स्कूलों पर तैनात**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच।लोकतंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। रविवार, दिनांक 18 जनवरी 2026 को सभी बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) अपने-अपने क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों पर उपस्थित रहेंगे और संबंधित मतदाता सूची सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करेंगे। इस दौरान जिन मतदाताओं का नाम सूची में शामिल है, वे अपनी प्रविष्टि की पुष्टि कर सकेंगे, वहीं जिनका नाम किसी कारणवश सूची में दर्ज नहीं है, वे भी मौके पर ही जानकारी प्राप्त कर नाम जुड़वाने, संशोधन कराने अथवा आपत्ति दर्ज कराने की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अवसर अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होने से पूर्व दिया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे। सभी मतदाताओं से अपील की गई है कि वे समय निकालकर अपने नजदीकी प्राथमिक विद्यालय पहुंचें और अपना नाम, उम्र, पता व अन्य विवरण अवश्य जांच लें। समय रहते जांच और सुधार कराने वाले मतदाताओं का नाम अंतिम मतदाता सूची में सुनिश्चित किया जाएगा।



# नो मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई शुरू

**कैसरगंज विधानसभा में अधिकारियों की तैनाती**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज विधानसभा क्षेत्र संख्या 288 में नो मैपिंग श्रेणी में दर्ज मतदाताओं के मामलों को लेकर सुनवाई की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू कर दी गई है। इस संबंध में ईआरओ/एईआरओ द्वारा संबंधित मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। उक्त कार्यक्रम के अनुसार, दिनांक 21 जनवरी 2026 से संबंधित बूथों के मतदाता नोटिस में अंकित निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर अपने दस्तावेज, अभिलेख एवं पक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे। समय से सुनवाई में उपस्थित होने वाले मतदाताओं का नाम 06 मार्च 2026 को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में सुनिश्चित किया जाएगा। इस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु कैसरगंज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों के लिए अलग-अलग अधिकारियों की तैनाती की गई है। जिला सेवा योजना अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, अपर जिला सहकारी अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार जैसे अधिकारियों को बूथ संख्या के अनुसार जिम्मेदारी सौंपी गई है।सभी अधिकारी अपने-अपने निर्धारित बूथ समूहों पर सुनवाई कर मतदाताओं के अभिलेखों की जांच करेंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा में पक्ष प्रस्तुत न करने की स्थिति में संबंधित मतदाता का नाम अंतिम सूची में शामिल होने में बाधा आ सकती है।प्रशासन ने सभी नो मैपिंग मतदाताओं से अपील की है कि वे इस अवसर को गंभीरता से लें और समय रहते उपस्थित होकर अपने मताधिकार को सुरक्षित कराएं।

# कैसरगंज में दो हफ्ते से ठप जियो नेटवर्क, हजारों उपभोक्ता बेहाल

## मोबाइल कॉल और इंटरनेट सेवा बाधित, डिजिटल कामकाज पर गहरा असर

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कस्बा कैसरगंज एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों में पिछले करीब दो सप्ताह से रिलायंस जियो का नेटवर्क और मोबाइल डेटा सेवा पूरी तरह चरमराई हुई है, जिससे जियो के हजारों उपभोक्ता गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे हैं। न तो कॉल ठीक से लग पा रही है और न ही इंटरनेट सेवा काम कर रही है, जिससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि कई इलाकों में मोबाइल पर नेटवर्क पूरी तरह गायब रहता है, जबकि कहीं-कहीं एक बार सिग्नल आता भी है तो कुछ ही मिनटों में गायब हो जाता है। ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे छात्र, डिजिटल भुगतान पर निर्भर व्यापारी, सरकारी योजनाओं के ऑनलाइन कार्य, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवाएं तक बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। व्यापारियों का कहना है कि वढक और ऑनलाइन ट्रांजैक्शन ठप होने से रोजाना के कारोबार पर सीधा असर पड़ रहा है। वहीं छात्रों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को ऑनलाइन क्लास और फार्म भरने में भारी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि ट८खङ्क ऐप और कस्टमर केयर पर बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं किया गया। केवल नेटवर्क पर काम चल रहा हैह्व कहकर मामले को टाल दिया जा रहा है, जबकि समस्या जस की तस बनी हुई है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि इतने लंबे समय तक नेटवर्क ठप रहने के बावजूद जियो प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक सूचना या माफी तक जारी नहीं की गई। इससे उपभोक्ताओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।स्थानीय लोगों ने मांग की है कि जियो कंपनी तत्काल तकनीकी टीम भेजकर नेटवर्क समस्या का समाधान करे, अन्यथा उपभोक्ता ळफअक और उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज कराने को मजबूर होंगे।अब देखने वाली बात यह होगी कि जियो प्रबंधन कब जागता है और कैसरगंज के हजारों परेशान उपभोक्ताओं को राहत कब मिलती है।

# उद्योग व्यापार मंडल शाखा रूपईडीहा का चुनाव आज

**प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत**

मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। भारत, नेपाल सीमा सीमावर्ती नगर पंचायत रूपईडीहा में 25 वर्ष बाद हो रहे व्यापारी मतदान द्वारा चुनाव से उम्मीदवारो के दिलो की धड़कन तेज हो गई है। 18 जनवरी को होगा सुबह 9:00 बजे से 3:00बजे तक मतदान सीमावर्ती नगर पंचायत रुपईडीहा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल शाखा रुपईडीहा की चुनाव की तैयारी अंतिम पायदान पर है। सभी तैयारियां पूर्ण हो रही है। बजाजा लाइन स्थित सिंह मार्केट में होगा मतदान। 28 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे 836 व्यापारी। पांच सदस्यों की चुनाव प्रबंध समिति के द्वारा चुनाव सम्पन्न होगा। संजय बसंल, शकील अहमद, विवेक शुक्ल एडवोकेट, मनीराम शर्मा, दिवाकर पाठक की देखरेख में हो रहा है चुनाव। एक अध्यक्ष एक महामंत्री एक कोषाध्यक्ष और 11 सदस्यों का होना है चुनाव। अध्यक्ष पद हेतु दो उम्मीदवार आमने-सामने है शैलेश जयसवाल और योगेंद्र शर्मा के मध्य कडी प्रतिस्पर्धा महामंत्री पद पर दो उम्मीदवार आमने-सामने है संतोष अग्रवाल और शाहिद हाशमी। कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार हैं अमित कौशल और गुलाम वारिस। शांतिपूर्ण चुनाव के लिए एसडीएम नानपारा और स्थानीय पुलिस को सूचना दे दी गई है। समुचित सुरक्षा व्यवस्था मे हो रहा है चुनाव 25 साल बाद हो रहे मतपत्र द्वारा चुनाव से व्यापारियों में खुशी की लहर है। और काफी उत्साह देखा जा रहा है।

# अमेठी में गरीब का मकान ढहा

## गौरीगंज के जेठू मवई में जर्जर घर अचानक गिरा

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के गौरीगंज ब्लॉक क्षेत्र में एक गरीब परिवार का जर्जर मकान अचानक ढह गया। ग्राम सभा जेठू मवई में अरविंद सिंह के मकान के गिरने से घर का सारा सामान मलबे में दबकर नष्ट हो गया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त परिवार के सभी सदस्य काम पर बाहर गए थे, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। मकान ढहने से साइकिल, खाट, पंखा और अन्य घरेलू वस्तुएं पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। छत का लेंटर गिरने के बाद अब परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। प्रधान प्रतिनिधि सोनू सिंह ने बताया कि यह मकान अरविंद सिंह का है और उनका पूरा परिवार यहीं रहता था। उनकी आर्थिक स्थिति पहले से ही खराब थी। उन्होंने पहले भी आपदा राहत के लिए गुहार लगाई थी और लेखपाल ने सर्वे भी किया था, लेकिन मदद मिलने से पहले ही यह हादसा हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर तहसील गौरीगंज से लेखपाल मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और तस्वीरें भी खींचीं। लेखपाल ने परिवार को आश्वासन दिया है कि शासन-प्रशासन की ओर से हर संभव मदद जल्द से जल्द पहुंचाई जाएगी, ताकि परिवार का पुनर्वास हो सके। पीड़िता अनीता सिंह ने बताया कि सुबह सभी लोग घर में सो रहे थे। जैसे ही वे काम के सिलसिले में घर से बाहर निकले, पूरा घर अचानक ढह गया। उन्होंने कहा कि घर में गृहस्थी का सारा सामान था, जो अब मलबे में बदल चुका है।

# में एकता और सौहार्द को मजबूत करते हैं ऐसे आयोजन: शेरसिंह

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर शुक्रवार कों पूर्व वर्ष की भांति टैक्सी ऑनर्स एसोसिएशन समिति रूपईडीहा द्वारा राहुल मैरिज पार्टी परिसर में खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

टैक्सी परिवार के वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी संतोष शुक्ला ने इस आयोजन की जिम्मेदारी संभाली। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिकारी, पत्रकार और व्यापारियों ने सहभागिता करते हुए खिचड़ी ग्रहण किया। कार्यक्रम से पूर्व श्री शुक्ला नें विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। आयोजकों की ओर से खिचड़ी भोज में आमंत्रित मेहमानो की सुविधा के लिए व्यापक और सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं की गई थीं। इसके परिणामस्वरूप कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। पत्रकार शेरसिंह कसौधन नें खिचड़ी भोज आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता और सौहार्द को मजबूत करते हैं तथा धार्मिक आस्था को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं।इस मौके पर एडवोकेट विवेक शुक्ला, विनोद गिरि, श्रवण वर्मा, दिनेश गुप्ता, रावेन्द्र शर्मा, अशोक पाठक, सुरेंद्र मदेसिया, श्याम मिश्रा आदि उपस्थिति रहे।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने दुकानदारों से दुकानें खोलने का किया आह्वान

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा, बहराइच। प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, रुपईडीहा इकाई का चुनाव 18 जनवरी को प्रस्तावित है । क्षेत्र में दो व्यापारिक संगठनों के विपरीत निदेशों के कारण व्यापारियों में असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जहाँ एक ओर एक व्यापार मंडल ने बाजार बंद रखने का आह्वान किया है, वहीं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने स्पष्ट रूप से कहा है कि व्यापारिक गतिविधियों में किसी भी तरह की बाधा न आने पाए, इसलिए सभी दुकानदार नियमित समय पर अपनी दुकानें खोलें और ग्राहकों को बेहतर सेवाएँ प्रदान करें। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अनिल अग्रवाल, संजय कुमार, रतन अग्रवाल, विजय मित्तल, बलराम मिश्रा का कहना है कि अनावश्यक बंदी से न केवल स्थानीय बाजार प्रभावित होता है, बल्कि इससे आम जनता और छोटे व्यापारियों को भी नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि रुपये-की-बारीक कड़ियों से चलने वाली सीमावर्ती अर्थव्यवस्था में बेवजह बाजार बंद कराना समाधान नहीं है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने दोहराया है कि व्यापारियों की आर्थिक प्रगति, ग्राहकों की सुविधा और बाजार की स्थिरता के लिए दुकानों का खुला रहना जरूरी है। संगठन ने व्यापारियों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों से दूर रहें और निर्धारित समय के अनुसार अपनी दुकानें नियमित रूप से संचालित करें।

# धान खरीद में घोटाले का आरोप

## भाजपा सांसद की शिकायत पर 3 सदस्यीय जांच कमेटी, डीएमओ बोले यह तो प्रक्रिया है

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर , धान खरीद को लेकर बड़े भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। भाजपा सांसद ने जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी राकेश मोहन पांडेय पर सीधे तौर पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। सांसद की शिकायत के बाद शासन ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन कर दिया है। सांसद की शिकायत में कहा गया है कि धान की तौल के दौरान किसानों से प्रति क्विंटल 200 से 300 रुपये की अवैध वसूली की जाती है। रुपये न देने पर धान में नमी या गंदगी बताकर उसे वापस कर दिया जाता है। आरोप है कि यह स्थिति सिर्फ आरएफसी ही नहीं, बल्कि अन्य संस्थाओं के क्रय केंद्रों पर भी बनी हुई है। सफाई और भाड़े के नाम पर फर्जी भुगतान शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि धान की साफ-सफाई और क्रय केंद्र से मिल तक पहुंचाने के भाड़े में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं की जा रही हैं। जब क्रय केंद्रों पर वास्तविक खरीद नहीं होती, तब भी फर्जी तरीके से सफाई और परिवहन का भुगतान दिखाया जाता है।

### एक ही मिल को कई क्रय केंद्रों से जोड़ा गया

सांसद ने पत्र में आरोप लगाया है कि अधिकांश धान खरीद क्रय केंद्रों से संबद्ध राइस मिलों के माध्यम से कराई जा रही है। एक ही मिल को कई-कई क्रय केंद्रों से जोड़ दिया गया है, जो नियमों के खिलाफ है। इससे पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### केंद्र प्रभारी नहीं रहते तैनात, लोकेशन से हो सकती है पुष्टि

सांसद का कहना है कि केंद्र प्रभारियों को अपने-अपने क्रय केंद्रों पर तैनात रहने के सख्त निर्देश हैं, इसके बावजूद वे केंद्रों पर मौजूद नहीं रहते। इसकी पुष्टि केंद्र प्रभारियों के मोबाइल लोकेशन डेटा से की जा सकती है।

# 5 तस्कर गिरफ्तार, 1.275 किलो गांजा जब्त

**पांच थानों के संयुक्त अभियान में नकदी भी बरामद**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। जिले के पांच थानों की पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर पांच तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 1.275 किलोग्राम अवैध गांजा, 26 गोली भांग और गांजा बिक्री से अर्जित 2,880 रुपये नकद बरामद किए गए। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में ₹नशे पर वार झ ऑपरेशन प्रहार₹ के तहत की गई। इस अभियान का उद्देश्य अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी पर रोक लगाना है। अभियान थाना कोतवाली नगर, फतनपुर, अंतू, आसपुर देवसरा और जेठवारा क्षेत्रों में एक साथ चलाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल और क्षेत्राधिकारी नगर प्रशान्त राज ने इस कार्रवाई की निगरानी की। गोपनीय सूचनाओं के आधार पर पुलिस टीमों ने संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी। थाना फतनपुर पुलिस ने 120 ग्राम गांजा और 630 रुपये नकद के साथ एक अभियुक्त को पकड़ा। कोतवाली नगर पुलिस ने 400 ग्राम गांजा और 1,810 रुपये नकद बरामद किए। आसपुर देवसरा क्षेत्र में 159.85 ग्राम गांजा, 26 गोली भांग और 440 रुपये नकद जब्त किए गए। जेठवारा और अंतू पुलिस ने भी अलग-अलग स्थानों से गांजा के साथ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए कुछ अभियुक्तों के खिलाफ पहले से ही एनडीपीएस एक्ट और अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। यह दशार्ता है कि वे लंबे समय से नशे के अवैध कारोबार में सक्रिय थे। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि नशे के कारोबार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। उन्होंने सभी पुलिस इकाइयों को ऐसे अभियान लगातार जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

# जमीन विवाद में महिला की पिटाई

## रास्ता रोकने के विरोध पर पड़ोसियों ने पीटा, मुख्य मार्ग पर कर रहे थे कब्जा

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,फतनपुर थाना क्षेत्र के चंदा का पूरा गांव में जमीन विवाद को लेकर एक महिला को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह झड़प बीते दिन हुई थी।वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कुछ लोग मिलकर एक महिला को जमीन पर गिराकर लाठी-डंडों से पीट रहे हैं। पीड़ित महिला सुशीला देवी ने बताया कि पड़ोसियों ने गांव के मुख्य रास्ते पर जबरन कब्जा कर उसे बंद कर दिया था।

### मारपीट का वीडियो भी सामने आया है।

सुशीला देवी के अनुसार, जब उन्होंने रास्ता खुलवाने का विरोध किया, तो दबंग पड़ोसियों ने उन पर हमला कर दिया। इस हमले में महिला के सिर, हाथ और पीठ में गंभीर चोटें आई हैं। परिजनों ने उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। घटना के दौरान जब पीड़िता के घरवालों ने वीडियो बनाना शुरू किया, तो हमलावरों ने उन पर भी पत्थरबाजी की। ग्रामीणों ने बताया कि रास्ते को लेकर पहले भी कई बार विवाद हो चुका है, लेकिन इस बार मामला हिंसक हो गया। क्षेत्र में दोबारा हिंसा की आशंका बनी हुई है। पीड़िता सुशीला देवी ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। फतनपुर थाना अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है और दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है।

## संक्षेप

### पुलिस ने 25 हजार के इनामी को दबोचा

**जिला बदर होने के बावजूद वारदात की फिराक में जिले में घूम रहा था**

बागपत , पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश समीर को गिरफ्तार किया है। समीर सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र का निवासी है और उस पर आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। पुलिस अधीक्षक ने समीर की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। उसे अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दर्ज आठ आपराधिक मामलों के चलते जिला बदर किया गया था। हालांकि, जिला बदर की समय सीमा समाप्त होने से पहले ही वह जिले की सीमा में घूम रहा था। सिंघावली अहीर थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है।

### आवारा कुत्तों से बचते नीलगाय का बच्चा तालाब में डूबा

**टटीरी में गौ रक्षकों ने किया अंतिम संस्कार, प्रशासन से अपील**

बागपत , जनपद के टटीरी कस्बे की भरभानिया पट्टी स्थित एक तालाब में आवारा कुत्तों से बचते हुए एक नीलगाय के बच्चे की डूबने से मौत हो गई। यह घटना मंगलवार देर शाम हुई। नीलगाय का बच्चा कुत्तों के झुंड से बचने के लिए तालाब में कूद गया था। तालाब का किनारा फिसलन भरा और पानी गहरा होने के कारण वह बाहर नहीं निकल पाया। बुधवार सुबह गौ रक्षक एवं किसान मजदूर संगठन के वरिष्ठ कार्यकर्ता शांतुन मानव राजपूत को नीलगाय के बच्चे के तालाब में डूबने की सूचना मिली। उन्होंने नगर पंचायत के सहयोग से एक टीम के साथ तालाब पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। बाद में, धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार उसका अंतिम संस्कार किया गया। कार्यकताओं ने इस घटना को आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए एक गंभीर मुद्दा बताया। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि कस्बे में आवारा कुत्तों पर नियंत्रण के लिए ठोस उपाय किए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। इस दौरान ध्रुव राजपूत, अंश राजपूत, वंश राजपूत, शिवम लड्डू, पिंटू और प्रिंस सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे। उन्होंने आवारा कुत्तों के संबंध में जागरूकता बढ़ाने और वन्य जीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस घटना ने स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ा दी है, जो वन्य जीवों और आवारा पशुओं दोनों की सुरक्षा के महत्व को उजागर करती है।

### मवीकलां हाइवे पर कार ने बाइक सवार को टक्कर मारी

**युवक घायल, आरोपी चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी**

बागपत , मवीकलां गांव स्थित हाइवे पर गुरुवार को एक तेज रफ्तार कार ने रॉन्ग साइड से आकर बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक ने कोतवाली बागपत में आरोपी कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी है। खेकड़ा थाना क्षेत्र के सांकरौद गांव निवासी सोहनपाल ने पुलिस को बताया कि वह हरियाणा में निजी नौकरी करता है। गुरुवार सुबह लगभग 11 बजे ड्यूटी से लौटते समय मवीकलां गांव के पास हाइवे पर रॉन्ग साइड से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

# कस्बे में आयोजित हुआ विशाल खिचड़ी भोज

**पूर्व ब्लाक प्रमुख सपा नेता की गर्म चाय तथा खिचड़ी का क्षेत्रवासियों ने लिया आनंद**




अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर,जनपद के देवमई विकासखंड के पूर्व ब्लाक प्रमुख समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता कुश वर्मा द्वारा जहानाबाद विधानसभा के सभी विकास खण्डों में विशाल खिचड़ी भोज का आयोजन चिन्हित किया गया जहां कल अमौली विकासखंड कस्बे में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल खिचड़ी भोज तथा चाय वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम अंतर्गत मौजूद आयोजक पूर्व ब्लाक प्रमुख कुश वर्मा समेत समाजवादी पार्टी के क्षेत्रीय कार्यकताओं ने राहगीरों को गर्म चाय तथा स्वादिष्ट खिचड़ी अपने हाथों से परोसा जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु क्षेत्रीय लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत प्रदान करते हुए खिचड़ी तथा चाय का आनंद प्राप्त किया इस मौके पर पूर्व प्रधान एवं वर्तमान प्रधान पति श्रीकांत उत्तम अरविंद उमराव अनवर यादव कैलाश वर्मा जयकरण सचान गोरेलाल समेत पार्टी के दर्जनों पदाधिकारी कार्यकर्ता तथा भारी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहें आए हुए सभी श्रद्धालुओं का कार्यक्रम के आयोजक पूर्व ब्लाक प्रमुख कुश वर्मा ने सादर आभार व्यक्त कियो

# ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने नगदी समेत लाखों के जेवर किया पार



अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर, जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कहिंजरा के मजरा सन्यास नगर निवासी अजय कुमार निषाद के घर में बीती रात अज्ञात चोरों ने छत के रास्ते से घर में घुसकर ताला तोड़कर 18000 तथा सोने का मंगलसूत्र कान के टॉप्स बाला बेंदी पायल हाफ पेटी बिछिया समेत छोटे बच्चों की साइकिल भी पार कर दिया है सूचना पर पहुचीं पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम ने घटना की जांच पड़ताल की भुक्तभोगी की पत्नी मंजू देवी ने पुलिस को लिखित सूचना देकर घटना के खुलासे की मांग की तथा बताया कि उसके पति बाहर मजदूरी करते हैं मकर संक्रांति पर उनकी सास एवं देवरानी अपने मायके गई हुई हैं वह घर में अकेली रह रही थी वही स्थानीय पुलिस प्रशासन ने जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया तथा जांच प्रारंभ की

# संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनी जनता की समस्या

**मौके पर 23 समस्याओं का हुआ निस्तारण**



अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर, जनपद के बिंदकी तहसील सभागार अंतर्गत कल संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से पहुंचे जनपद के जिलाधिकारी रविंद्र सिंह तथा जहानाबाद विधानसभा के विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने पीड़ित जनता की समस्याएं सुनी मौके पर पहुंची जनता जनार्दन ने अपनी-अपनी समस्याओं का बखान किया जहां समाधान दिवस अंतर्गत 124 समस्याएं लेकर पीड़ित मौजूद हुए जिनमें राजस्व विभाग की 71 पुलिस प्रशासन की 23 विकास विभाग की 14 समाज कल्याण विभाग की 3 स्वास्थ्य विभाग की 1 तथा 12 अन्य शिकायतें प्राप्त हुई जिलाधिकारी ने मौके पर ही 23 समस्याओं का निस्तारण किया वही 101 समस्याओं को जल्द ही निस्तारित करने के लिए विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक उपजिलाधिकारी बिंदकी प्रियंका अग्रवाल प्रगति यादव समेत अनेक विभागों के अध्यक्ष व प्रतिनिधित्वकर्ता मौजूद रहे

# जेल में बंद पारस ने पूछा- कैसी है रूबी

**याचिका दायर करने वाले अधिवक्ताओं ने पारस सोम से की मुलाकात, फूफा रहे साथ मौजूद**




अमन लेखनी समाचार

मेरठ , हत्या-अपहरण के आरोप में जेल की सलाखों के पीछे बंद पारस सोम ने रूबी से प्रेम प्रसंग की बातों को स्वीकार किया है। पारस के परिवार की तरफ से याचिका दायर करने वाले अधिवक्ताओं ने पारस से मुलाकात की तो उसका पहला सवाल था- रूबी कैसी है ? बाद में उसने परिवार के बारे में पूछा। उसे बताया गया कि केस ट्रांसफर के लिए याचिका डाली गई है।

### पारस बोला- रूबी कैसी है, कहां है

जेल में पारस चुपचाप अपने वकीलों की बात सुन रहा था। उसने कहा कि वह अखबार में पढ़ चुका है कि याचिका डाली गई है। कुछ पल वह चुप रहा, फिर अचानक बोला- रूबी कैसी है ? जवाब मिलने के बाद उसने अपने परिवार और गांव के बारे में भी पूछा। इसके बाद अधिवक्ताओं ने उससे पूरा घटनाक्रम जाना। अधिवक्ताओं के मुताबिक पारस ने स्वीकार किया कि उसका रूबी संग प्रेम प्रसंग चल रहा है। वह दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन रूबी के परिवार ने पहले ही उसकी शादी तय कर दी। 22 जनवरी को याचिका पर सुनवाई याचिका दायर होने के बाद को पहली बार पारस सोम से अधिवक्ता संजीव राणा व बलराम सोम ने मुलाकात की। इस दौरान पारस के एक रिश्तेदार भी साथ रहे। करीब एक घंटे तक तीनों पारस के साथ रहे। दोनों अधिवक्ताओं ने पारस को बताया कि वह नाबालिग है कानून के लिहाज से उसका केस जेजे बोर्ड में चलना चाहिए। इसीलिए याचिका डाली है। 22 जनवरी को सुनवाई होगी। अब पूरी घटना को जानिए... 8 जनवरी की सुबह मेरठ के सरधना थाना क्षेत्रांतर्गत स्थित ग्राम कपसाड़ निवासी पारस सोम खेत पर अनुसूचित जाति की महिला सुनीता के साथ काम कर रही उसी बेटी रूबी को अगवा कर ले गया।

# रणसिंघा बजाकर, हुक्का जलाकर भाकियू कार्यकर्ता प्रयागराज के लिए निकले

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , आयोजित हो रहे भारतीय किसान यूनियन टिकैत के तीन दिवसीय चिंतन शिविर में शामिल होने के लिए मेरठ से हजारों कार्यकर्ता प्रयागराज के लिए निकले। इस दौरान भारतीय यूनियन टिकैत के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत भी मेरठ से ही चिंतन शिविर में शामिल होने के लिए चले।

### पहले की पंचायत

किसानों ने प्रयागराज कूच करने से पहले सिटी रेलवे स्टेशन पर किस पंचायत भी की। इस पंचायत में किसानों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन ऑनलाइन माध्यम से अधिकारियों को भेजा, इसके साथ-साथ प्लेटफार्म पर ही रागनी बजाकर हुक्का जलाकर एसीएम सिविल लाइन के नाम ज्ञापन तैयार किया।

### समाधान नहीं तो उग्र आंदोलन

बाकी टिकट के जिला अध्यक्ष



अनुराग चौधरी ने बताया कि हमारे द्वारा दिए गए ज्ञापन में जो समस्याएं हमने किसानों की उठाई है अगर उनका समाधान चिंतन शिविर में वापस आने से पहले नहीं होता है तो अगले आंदोलन की शुरूआत मेरठ के सिटी रेलवे स्टेशन से रेल रोको आंदोलन के माध्यम से की जाएगी।

### ये रहे मौजूद

लखनऊ कूच करने वाले किसानों में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी, बाबा मेजर चिंदौड़ी, हर्ष चहल, सनी प्रधान सिसौला, बबलू, देशपाल, सत्येंद्र, विपुल, प्रिंस, मनोज आदि मौजूद रहे।

# ब्लू ड्रम केस में फरवरी तक हो सकती है सजा

**मुस्कान-साहिल दोनों का अपराध बराबर, बच्चे के नाम पर नहीं मिलेगी रियायत**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,चर्चित ब्लू ड्रम केस में फरवरी 2026 तक फैसला आ सकता है। मर्चेंट नेवी ऑफिसर सौरभ राजपूत के हत्यारोपी मुस्कान-साहिल दोनों को फरवरी अंत तक सजा हो सकती है।

जिस तरह शासकीय अधिवक्ता और सौरभ के वकील केस में पैरवी कर रहे हैं उसे देखते हुए संभावना है कि फरवरी लास्ट में ही केस में फाइनल डिसीजन आ जाएगा। अब तक की हुई सुनवाईयों और सुबूतों के आधार पर मुस्कान-साहिल दोनों ही इस हत्याकांड में बराबर के दोषी हैं।

मुस्कान-साहिल दोनों 17 मार्च 2025 से मेरठ जिला जेल में बंद है

मुस्कान-साहिल दोनों 17 मार्च 2025 से मेरठ जिला जेल में बंद है

माना जा रहा है कि दोनों को समान सजा हो सकती है।

सवाल- सौरभ हत्याकांड में लेटेस्ट अपडेट क्या है ?

जबाव- केस में लगभग 14 गवाहों के बयान हो चुके हैं। अब 2-3 गवाहों की गवाही और कराएंगे। हमारा यह मुकदमा लगभग फाइनल फेज में हैं। लास्ट स्टेज के मुकदमे में संभावना है कि फरवरी में ही इसमें फैसला आ सकता है।

सवाल- अब और कितनी गवाहियां बाकी हैं ?

जबाव- अमूमन मुख्य गवाहियां पूरी हो चुकी हैं। मुकदमे में इलेक्ट्रानिक साक्ष्य संकलन करने वाले गवाह की गवाही होगी। जिसने 65बी का प्रमाणपत्र दिया था।

फोरेंसिक फील्ड यूनिट इंचार्ज की गवाही होगी। इसके बाद गवाही लगभग पूरी हो जाएंगी। फिर फाइनल आगेर्यूमेंट होगा।

# मसूरी पुलिस ने 20 लाख की चोरी का खुलासा किया

**सुनार से लूटे गए जेवरात बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, मसूरी थाना पुलिस ने एक सुनार से हुई 20 लाख रुपये की चोरी का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और चोरी किए गए सभी सोने-चांदी के जेवरात बरामद कर लिए हैं पुलिस के अनुसार, यह घटना 13 जनवरी की शाम करीब 6 बजे हुई थी। ग्राम ढबारसी निवासी गजेन्द्र कुमार अपनी सुनार की दुकान बंद करके सोने-चांदी के जेवरात और अन्य कागजात एक बैग में रखकर अपने विक्की से घर जा रहे थे। रास्ते में गजेन्द्र कुमार ग्राम ढबारसी निवासी शाहनबाज के घर उधार के पैसे मांगने रुके। उन्होंने अपना बैग विक्की पर ही छोड़ दिया और घर के अंदर चले गए। इसी दौरान किसी ने मौका पाकर विक्की पर रखा बैग चोरी कर लिया। बैग में कीमती सोने-चांदी के जेवरात, एक डायरी, एटीएम कार्ड और कुछ नकदी थी। घटना के बाद गजेन्द्र कुमार ने मसूरी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जांच शुरू की और विभिन्न टीमों का गठन किया। एडिशनल डीसीपी लिपि नगायच ने बताया कि पुलिस टीमों को तत्काल सक्रिय किया गया, जिसके परिणामस्वरूप लगातार कार्रवाई करते हुए इस घटना का सफल खुलासा हुआ। जांच के दौरान पुलिस को शाहबाज, शाहनबाज और अबुजर के इस चोरी में शामिल होने की जानकारी मिली। 15 जनवरी को पुलिस टीम ने तीनों



आरोपियों शाहबाज, शाहनबाज पुत्र जरीफ और अबुजर पुत्र फरमान ( सभी निवासी ग्राम ढबारसी ) को मुबारिकपुर रोड बंबे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि शाहनबाज पर गजेन्द्र कुमार के करीब 25 हजार रुपये उधार थे। गजेन्द्र बार-बार पैसे मांगने आते थे। आरोपियों को यह जानकारी थी कि गजेन्द्र दुकान बंद करते समय अपना सारा कीमती सामान बैग में रखकर साथ ले जाते हैं। इसी जानकारी का फायदा उठाकर शाहबाज ने गजेन्द्र को पैसे के बहाने दूसरी जगह भेज दिया और मौका देखकर विक्की पर रखा बैग चोरी कर लिया। बाद में तीनों ने बैग को छिपा दिया और उसमें रखी नकदी आपस में बांट ली। पुलिस ने बताया कि इस मामले में आगे की जांच जारी है।

# चंद्रशेखर की पार्टी में लगी दौड़ की होड़

**मेरठ कपसाड़ कांड पीड़िता से मिलने भागते हुए आए भीम आर्मी जय भीम संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,कपसाड़ कांड की अपहृता रूबी से मिलने के लिए आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने तमाम जतन किए। चंद्रशेखर आजाद पीड़िता के परिजनों से मिलने मेरठ आ रहे थे। लेकिन पुलिस ने उन्हें गाजियाबाद से मेरठ के बीच कई जगहों पर रोका। इस दौरान चंद्रशेखर आजाद ने हाईवे पर दौड़ लगाई, डिवाइडर पर दौड़े। दीवार कूदी और बीच रास्ते अंजान युवक की बाइक रुकवाकर बाइक पर बैठकर सफर किया। लेकिन पीड़ित परिवार से मिल नहीं पाए। अब चंद्रशेखर आजाद के दौड़ने वाले वीडियो के बाद उनकी पार्टी में दौड़ की होड़ लगी है। पार्टी कार्यकर्ता भी पुलिस से बचकर दौड़ते हुए पीड़िता से मिलने जा रहे हैं। लेकिन कपसाड़ गांव में पुलिस का पहरा इतना गहरा है कि वहां परिंदा भी पर नहीं मार सकता। किसी



नेता का पीड़िता के घर पहुंचना बिना पुलिस, प्रशासन की अनुमति के नामुमकिन है।

### गांव में दौड़कर जाने का किया प्रयास

बुधवार को भीम आर्मी पार्टी के नेता और जयभीम संगठन के प्रेसीडेंट मनजीत नौटियाल का ऐसा ही एक वीडियो सामने आया है। मनजीत नौटियाल कपसाड़ गांव में पीड़िता रूबी से मिलने जा रहे थे। गांव से लगभग 10 किमी दूरी तक पुलिस ने सुरक्षाघेरा बना रखा है। पिछले 4 दिनों से गांव में किसी को एंट्री नहीं है। ऐसे में मनजीत नौटियाल पीड़िता से मिलने उसके गांव जाने लगे।

### दौड़ते हुए वीडियो भी शूट कराया

लेकिन पुलिस का पहरा इतना कड़ा है कि पीड़िता से मिलना नामुमकिन है। गांव में बाहरी व्यक्तियों को प्रवेश भी नहीं मिल रहा है। इसके बावजूद मनजीत नौटियाल पुलिस को चकमा देकर पीड़िता से मिलने का प्रयास करने लगे। उन्होंने गलियों में दौड़ लगा दी। तभी एक कार्यकर्ता ने मनजीत नौटियाल का दौड़ते हुए वीडियो भी शूट किया। जिसमें मनजीत नौटियाल दौड़ते दिख रहे हैं। उनके पीछे पुलिस दौड़ लगा रही है।

### सोशल मीडिया पर लोग बोले चंद्रशेखर की कॉपी

पुलिस ने मनजीत नौटियाल को रास्ते में ही पकड़ लिया और उन्हें गांव में एंट्री नहीं दी गई। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है। जिसे कई लोग चंद्रशेखर की कॉपी भी कह रहे हैं।

# कपड़े से भरे ट्रक में लगी आग

**दमकल ने 30 मिनट में पाया काबू, शार्ट सर्किट से आग लगी**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , चोटपुर पुश्ता के पास एक ट्रक में शाम चार बजे के आसपास आग लग गई। ट्रक में कपड़े की कतरन भरी थी। आग तेजी से फैली जिससे ट्रक जलकर राख हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस और दमकल विभाग को दी। मौके पर दमकल की दो गाड़ियों को रवाना किया गया। करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। घटना थाना सेक्टर-63 की है। चोटपुर पुश्ता रोड के पास कपड़ों की कतरन का काम होता है। वहीं ट्रक खड़ा था। ट्रक में पीछे कपड़ों की कतरन भरी थी। इसी में कोई ज्वलनशील पदार्थ आकर गिरा। जिससे पहले आग सुलगने लगी और फिर तेजी से बढ़ी। मौजूद लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास किया। इसके बाद दमकल विभाग को जानकारी दी। दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। साथ ही आसपास भी पानी का छिड़काव किया। क्योंकि कतरन के चिनगारी वहां तक जा रही थी। आग से कोई जनहानि नहीं है।

# निठारी गांव के इंजीनियर से 18 लाख की ठगी

**साइबर ठगों ने दिया 30% मुनाफे का झांसा, पोर्टफोलियो में दिखाया 80 लाख का लाभ**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, नोएडा के सेक्टर 20 थाना क्षेत्र के निठारी गांव में रहने वाले इंजीनियर नर्मदेश्वर झा साइबर ठगों के शिकार हो गए। ठगों ने उन्हें शेयर बाजार में निवेश के नाम पर लगभग 18 लाख रुपए ठग लिए। शुरूआत में हुआ मामूली मुनाफा पीड़ित ने बताया कि 16 दिसंबर 2025 को एक अनिल गोयल नाम के व्यक्ति ने उनसे संपर्क किया और खुद को शेयर बाजार का एक्सपर्ट बताया। ठगों ने उन्हें एक एप के जरिए निवेश कर 30% तक मुनाफा दिलाने का दावा किया। पहली बार में इंजीनियर ने 50 हजार रुपए निवेश किए, और कुछ दिनों में साढ़े सात हजार रुपए का मुनाफा दिखा, जो बैंक खाते में ट्रांसफर हुआ। इससे इंजीनियर का भरोसा बढ़ गया।

### लगातार रकम ट्रांसफर करते गए इंजीनियर

इंजीनियर ने 8 जनवरी तक कई किश्तों में कुल 18 लाख रुपए ठगों के बताए अलग-अलग बैंक खातों में भेज दिए।



एप पर उनका पोर्टफोलियो 80 लाख रुपए से ज्यादा का दिखने लगा। पूरी रकम निकालने की कोशिश करने पर ठगों ने कर और ट्रांसफर फीस के नाम पर और रकम मांगी। शंका होने पर जब इंजीनियर ने पैसे नहीं भेजे, तो ठगों ने संपर्क तोड़ दिया।

# ग्रेटर नोएडा में गांजा तस्करी गिरोह का पर्दाफाश

**103 किलो गांजा बरामद, तीन गिरफ्तार; यूनिवर्सिटी-कॉलेज में होती थी सप्लाई**

संवाददाता

गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा की नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने गांजा तस्करी करने वाले एक गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस गिरोह के तीन तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 103 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये बताई जा रही है। यह गिरोह ओडिशा से गांजा लाकर दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र की बड़ी-बड़ी यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में छात्रों को सप्लाई करता था। एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने नॉलेज पार्क थाने में एक प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के



खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नॉलेज पार्क थाना पुलिस एक्सपो मार्ट के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान एक पीली नंबर प्लेट वाली एक्सेंट कार को रोका गया, जिसमें भारी मात्रा में गांजा मिला। पुलिस ने मौके से नोएडा निवासी रिंकू यादव और अभिषेक कुमार, तथा गाजियाबाद निवासी संदीप साहू को गिरफ्तार किया।

# न्यायलयों की लचर कार्यप्रणाली पर अधिवक्ताओं का फूटा गुस्सा

### लचर व्यवस्था व कार्यप्रणाली सुधार न होने तक न्यायालयों में अनिश्चित कालीन बहिष्कार का ऐलान

**अमन लेखनी समाचार**



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज तहसील में प्रशासनिक एवं न्यायिक कार्यप्रणाली को लेकर बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त अधिवक्ताओं का आरोप कि उनकी राय और विचार-विमर्श के बिना सुदूर ग्रामीण अंचल में उपनिबंधक कार्यालय की स्थापना कर दी गई जिससे अधिवक्ताओं के साथ-साथ वादकारियों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा मोहनलालगंज बार एसोसिएशन महामंत्री रामलखन यादव ने बताया कि तहसील स्थित न्यायालयों द्वारा पारित आदेशों का विहित समय-सीमा के भीतर पालन नहीं किया जा रहा बहस पूर्ण हो जाने के बावजूद आदेश पारित करने में अनावश्यक विलंब किया जाता वहीं अविवादित वरासत से जुड़ी पत्रावलियां भी महीनों तक लंबित रखी जा रही। वही बार एसोसिएशन अध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ला ने लेखपालों की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठाए कि लेखपाल समय से आख्या प्रस्तुत नहीं करते और कई मामलों में अधिवक्ताओं के साथ अभद्रता मारपीट एवं दबंगई जैसी घटनाएं भी घटित हुई उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज पर दलालों के माध्यम से मनमाने ढंग से पत्रावलियों का निस्तारण कराने के आरोप लगाए तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में भी भारी अव्यवस्था देखने को मिली। वही सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी पवन पटेल एवं तहसीलदार ऋतुराज शुक्ला फरियादियों की समस्याएं सुनते नजर आए जबकि प्रभारी एडीएम सहित पुलिस एवं अन्य विभागों के अधिकारी सुबह 11:40 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर नहीं पहुँचे मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले इस कार्यक्रम में अधिकारियों की लेटलतीफी से फरियादियों एवं अधिवक्ताओं में भारी नाराजगी देखी गई अधिकारियों के समय से न पहुंचने को लेकर समाधान दिवस में काफी देर तक हंगामा होता रहा। वही अधिवक्ता केपी सिंह पूर्व अध्यक्ष मोहनलालगंज बार एसोसिएशन ने बताया कि जब शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रम में ही लापरवाही बरती जा रही है, तो आम दिनों में समस्याओं के समाधान की उम्मीद कैसे की जा सकती है इसके अलावा तहसील परिसर एवं मुख्य द्वार के सामने फैली गंदगी को लेकर भी अधिकारियों पर गंभीर अनदेखी के आरोप लगाए गए। अधिवक्ताओं ने मांग की कि नई नियुक्त महिला लेखपालों को वरिष्ठ लेखपालों के साथ संबद्ध कर उचित प्रशिक्षण देने के बाद ही स्वतंत्र प्रभार सौंपा जाए। बार एसोसिएशन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक इन सभी समस्याओं का शत-प्रतिशत समाधान सक्षम अधिकारियों द्वारा नहीं किया जाता तब तक न्यायिक कार्य सुचारू रूप से संचालित होना संभव नहीं अधिवक्ताओं का कहना है कि वे अपने मुवक्किलों के प्रति जवाबदेह और लगातार बनी अव्यवस्थाओं के कारण उनकी पेशेवर साख प्रभावित हो रही।

# तेज रफ्तार स्कार्पियो ने स्कूटी में मारी टक्कर, युवक और युवती की दर्दनाक मौत

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में शनिवार शाम तेज रफ्तार स्कार्पियो ने एक स्कूटी में सामने से जोरदार ठोकर मार दी। इस हादसे में स्कूटी सवार एक युवक और युवती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर घटना के बाद स्कार्पियो सवार अपना वाहन छोड़कर मौके से भाग निकला। बंथरा के लतीफ नगर निवासी अर्पित त्रिवेदी (22) और यहीं के सहिजनपुर की काजल रावत (21) शनिवार शाम करीब 7 बजे स्कूटी से बनी - मोहान रोड होते हुए कटी बगिया जा रहे थे। काजल बनी -मोहान रोड स्थित रामगढ़ी के पास अमेजॉन वेयरहाउस में काम करती थी और वह ड्यूटी पर जा रही थी। जबकि उसका दोस्त अर्पित फुटबॉल खिलाड़ी है, वह उसे छोड़ने जा रहा था। तभी वेयरहाउस से करीब 500 मीटर पहले कटी बगिया की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने सामने से उनकी स्कूटी में जोरदार ठोकर मार दी। स्कॉर्पियो की ठोकर लगने से दोनों उछल कर काफी दूर जा गिरे और मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। उधर घटना के बाद स्कार्पियो सवार अपनी गाड़ी छोड़कर मौके से भाग निकला। आसपास के लोगों ने आनन फानन इसकी सूचना पुलिस को दी। हालाकि सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने दोनों को सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना के बाद पहुंचे एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा ने घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने स्कॉर्पियो को अपने कब्जे में ले लिया है। स्थानीय लोगों की माने तो स्कार्पियो चालक काफी नशे में था। फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है। मृतक अर्पित के पिता अवधेश त्रिवेदी किसान हैं। मृतक के परिवार में उसकी माँ के अलावा उसका भाई अंकित और अनूप त्रिवेदी हैं। वह अपने भाइयों में सबसे छोटा था। वहीं मृतका काजल रावत के पिता शिव शंकर भी किसान हैं।मृतक का काजल रावत के परिवार में उसके पिता के अलावा मां कांति देवी, बहन संध्या, वैष्णवी और छोटा भाई आरुष है।

# एक ही रस्सी से नीम के पेड़ पर लटके मिले प्रेमी-प्रेमिका के शव

### युवती की एक दिन पहले हुई थी सगाई, गांव में फैली सनसनी

**अमन लेखनी समाचार**



मोंठ ,झांसी। पट्टी कुम्हरा गांव में शनिवार तड़के उस समय सनसनी फैल गई, जब किलकाई ढीमर के बाड़े में स्थित नीम के पेड़ से एक ही रस्सी के सहारे युवक और युवती के शव लटके हुए मिले। सुबह करीब चार बजे ग्रामीणों की नजर शवों पर पड़ी, जिसके बाद गांव में हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान मुस्कान पुत्री हरिराम पाल (18 वर्ष) के रूप में हुई है, जबकि मृतक युवक की पहचान रियाजुल पुत्र राज मोहम्मद (20 वर्ष) के रूप में हुई है। रियाजुल पेशे से लोडर वाहन चालक था। दोनों के घर एक-दूसरे के पड़ोस में बताए जा रहे हैं। परिजनों के अनुसार, मुस्कान की एक दिन पहले ही सगाई हुई थी, जबकि उसकी शादी आगामी 9 अप्रैल को तय थी। घटना के समय मृतका की मांग भरी हुई थी और उसने पैरों में बिछिया पहन रखी थी, जिससे गांव में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गईं। मृतका के पिता हरिराम पाल ने बताया कि सगाई के बाद उन्हें बेटी के किसी भी प्रेम-प्रसंग की जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा कि परिवार को इस तरह की किसी घटना का कोई पूर्व आभास नहीं था। वहीं युवक के परिजनों ने भी दोनों के बीच किसी संबंध से इनकार किया है। ग्रामीणों के बीच यह चर्चा है कि दोनों के बीच प्रेम संबंध हो सकता है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मामले की गंभीरता से जांच की जा रही।

# मुथूट फाइनेंस की सीएसआर पहल से जालौन के किसानों को मिला सोलर स्प्रेयर का लाभ

### अनुरागिनी संस्था के प्रयासों से सोलर तकनीक से जुड़ा अन्नदाता

**अमन लेखनी समाचार**




उरई, जालौन। ग्रामीण विकास एवं किसान सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक पहल करते हुए मुथूट फाइनेंस द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत जनपद जालौन के किसानों को सोलर स्प्रेयर प्रदान किए गए। इस उद्देश्य से उरई स्थित विकास भवन सभागार में एक विशेष वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसे सामाजिक संस्था अनुरागिनी द्वारा संपन्न कराया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचलों के लघु एवं सीमांत किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ना, उनकी उत्पादन लागत को कम करना तथा पर्यावरण अनुकूल साधनों के उपयोग को प्रोत्साहित करना रहा। सोलर स्प्रेयर जैसे उपकरण किसानों को ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत अपनाने की दिशा में प्रेरित करते हैं और खेती को अधिक टिकाऊ बनाते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी, जालौन कुमुदेन्द्र कलाकर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में कृषि को लाभकारी बनाने के लिए तकनीक का समावेश अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा, सोलर आधारित कृषि उपकरण किसानों की आर्थिक निर्भरता को कम करते हैं और पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक होते हैं। मुथूट फाइनेंस एवं अनुरागिनी संस्था का यह संयुक्त प्रयास निश्चित रूप से किसानों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाएगा। विशिष्ट अतिथि उप निदेशक कृषि, जालौन उत्तम कुमार ने कहा कि सरकार और सामाजिक संस्थाओं द्वारा इस प्रकार की पहल किसानों को आधुनिक खेती की ओर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। किसान नेता सूर्य नायक ने कहा, कि मैं अनूरागिनी संस्था मुथूट फाइनेंस, जिला प्रशासन एवं का आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने जनपद के किसानों के हित में यह उपयोगी पहल की है। सोलर स्प्रेयर जैसे उपकरण किसानों की मेहनत और लागत दोनों को कम करेंगे। अनुरागिनी संस्था के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने कहा, अनूरागिनी संस्था लंबे समय से ग्रामीण विकास, किसान कल्याण और सतत पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रही है। मुथूट फाइनेंस के सहयोग से किसानों तक सोलर स्प्रेयर पहुँचाना हमारी उस सोच का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत हम तकनीक और प्रकृति के संतुलन के साथ खेती को आगे बढ़ाना चाहते हैं। मुथूट फाइनेंस, उरई की शाखा प्रबंधक रौनक सोनकिया ने कहा,मुथूट फाइनेंस समाज के हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी सीएसआर गतिविधियों का केंद्र बिंदु किसान, महिला और युवा हैं। सोलर स्प्रेयर किसानों के श्रम और समय की बचत करेंगे तथा उनकी खेती को अधिक प्रभावी बनाएंगे। भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा इस अवसर पर जिला केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार जालौन के सभापति उपेन्द्र सिंह राजावत, जिला किशोर न्याय बोर्ड के न्यायिक सदस्य सुरजीत सिंह, अनुरागिनी संस्था के श्याम करण प्रजापति एवं नितिन कुमार सैनी मुथूट फाइनेंस के अंशु द्विवेदी सहकारिता विभाग के शुभम तिवारी कृषि विभाग के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थी किसानों को सोलर स्प्रेयर वितरित किए गए तथा उन्हें इसके उपयोग की विधि के बारे में भी जानकारी दी गई।

# ग्राम पंचायत सिंदुरिया में सौ वर्षों से भी अधिक पुरानी रामलीला का मंचन जारी है

**अमन लेखनी समाचार**



चोपन/ सोनभद्र। कड़ाके की ठंड के बावजूद स्थानीय ग्रामीण कलाकार पूर्ण श्रद्धा, आस्था और अनुशासन के साथ प्रभु श्रीराम की लीलाओं का अभिनय कर रहे हैं। इस रामलीला की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि सभी पात्र ब्राह्मण समाज से होते हैं और वे पूर्ण ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए पाठ और अभिनय करते हैं। अपनी शुद्ध परंपरा, मौलिकता और ग्राम्य संस्कृति से जुड़ाव के कारण यह रामलीला क्षेत्र में विशेष पहचान बनाए हुए है। हाल ही में नारद मोह लीला का मंचन किया गया, जिसमें हास्य, भक्ति और आध्यात्मिक संदेश का सुंदर समन्वय देखने को मिला। दर्शकों ने तालियों के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। रामलीला की शुरूआत मुकुट पूजा से होती है और सीता विवाह तक की लीलाओं का अत्यंत सुंदर और मर्यादित मंचन किया जाता है। रामलीला के समापन अवसर पर सीता विवाह के दिन भव्य भंडारे का आयोजन किया जाता है। यह आयोजन पांडे परिवार द्वारा किया जाता है, जिसमें परिवार के सभी सदस्य बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर इस धार्मिक आयोजन का पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं। पूर्व प्रधान राम नारायण पांडेय ने बताया कि ग्रामीण मानते हैं कि यदि रामलीला का मंचन न हो, तो गांव में कोई अनिष्ट हो सकता है। यह रामलीला ग्रामीणों की अटूट आस्था का प्रतीक है। पिछले वर्ष होली के दिन बिना किसी आंधी-तूफान के रामलीला मंचन के लिए उपयोग किया जाने वाला टिन शेड उखड़ गया था। इसमें लगे एंगल भी टेढ़े हो गए और पूरा सेट गिर गया, जिससे ग्रामीण एक बार फिर भयभीत हो गए। इसके बाद पुरोहितों और अन्य पुजारियों द्वारा पूजा-पाठ और मान- मनोवल के बाद कीर्तन का निर्णय लिया गया। यह रामलीला मंचन आठ दिनों तक चलता है, जिसमें आज भगवान के जन्म का मंचन किया जाएगा। दूर-दूर से लोग इस रामलीला को देखने आते हैं और अपनी मनोकामनाएं मांगते हैं। यहां से गुजरने वाले और मान्यताओं से परिचित लोग चबूतरे पर नतमस्तक होकर मन्नतें मांगते हैं, जो पूरी होती हैं।

# टीपर ने कार सवार को रौंदा, घसिटते हुए पहुंचाया डिवाइडर पार



**अमन लेखनी समाचार**

डाला सोनभद्र। डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के डाला चढ़ाई पर बकुल होटल के बगल में पुलिया के मिजार्पुर से शक्तिनगर बैढ़न जा रही कार को पिछे टक्कर मारकर डिवाइडर से टकराते हुए दुसरे साइड कार को पहुंचा दिया मिली जानकारी के मुताबिक डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के डाला चढ़ाई बंद खनिज बैरियर के पास मिजार्पुर से शक्तिनगर बैढ़न जा रही क्रेटा कार जा रही थी उसी दौरान पिछे से आकर टीपर ने कार को टक्कर मारकर घसिश्ते हुए डिवाइडर पार कर पुलिया से पहले से रखी गई गिट्टी में घुस गया जिसके उपरांत स्थानीय लोगों ने तत्काल कार में एक ही परिवार के पती पत्नी और दो बच्चे को कार से सुरक्षित बाहर निकलवाया गया वहीं इस घटना में कार क्षतिग्रस्त हो गया गलीमत रहा कार सवारों में कोई घायल नहीं हुआ जहा सूचना पाकर मौके पर पहुंची डायल 112 नम्बर पुलिस व डाला चौकी की पुलिस मौके पर पहुंचकर टीपर व टीपर चालक को डाला चौकी ले जाया गया।

# भव्य श्रीराम कथा का घर - घर जाकर दिया गया आमंत्रण

### कार्यक्रम आयोजक रामजी परिहार ने सभी क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में सम्मिलित होने का किया आग्रह

**अमन लेखनी समाचार**



गरौठा, झांसी। आगामी 23 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक कसवा मोंठ के शीतला माता मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाली अमृतमयी श्रीराम कथा अमृत वर्षा कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम आयोजक रामजी परिहार डुमरई ने शनिवार को कस्बा गरौठा पहुंचकर कसवा वासियों को निमंत्रण पत्र एवं चावल देकर उनसे इस धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने का आग्रह किया। 23 जनवरी से भव्य कलश यात्रा के उपरांत कथा व्यास आचार्य शांतनु जी महाराज के श्री मुख से अमृतमयी श्रीराम कथा का रसपान कराया जाएगा। इस भव्य कार्यक्रम को लेकर कथा प्रांगण में तैयारियां अंतिम चरण में चल रही है।इस धार्मिक आयोजन में प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ सहित कई बड़े नेताओं एवं हस्तियों के आने की संभावना है। निमंत्रण पत्र वितरण के दौरान इस जीतू फौजी, गुड्डू पाठक, दयाशरण रिछारिया, लोचन दाऊ, अरविंद सिंह सेंगर सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

## कार्यालय - जिला पंचायत, उन्नाव

## पुनः अल्पकालिक ई-निविदा सूचना

पत्रांकः- 101 / सा०नि०/ जि०पं० उ०/2025-26

दिनांक 17/01/2026

उत्तर प्रदेश की समस्त जिला पंचायतों, लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश व सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से 175/ सा०नि० / जि०पं० उ० / 2024-25 दिनांक 24.10.2024 एंव 180 / सा०नि० / जि०पं० उ० / 2025-26 दिनांक 20.9.2025 व 162 / सा०नि० / जि०पं० उ० / 2025-26 दिनांक 12.09.2025 द्वारा आमंत्रित ई०-निविदाओं से 18 परियोजनाओं की पुनः अल्पकालिक ई-निविदा दिनांक 19.01.2026 को अपरान्ह 5:00 बजे से दिनांक 27.01.2026 को अपरान्ह 5:00 बजे तक ई-निविदा की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती हैं, जिनके हेतु प्राप्त बिड्स दिनांक 28.01.2026 को अपरान्ह 2:30 बजे से अपर मुख्य अधिकारी, कार्यालय कक्ष में उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोली जायेंगी।

विस्तृत विवरण ई०निविदा की वेबसाइट www.etender.up.nic.in व unno.up.nic.in पर अथवा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय के नोटिस बोर्ड व कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

अभियन्ता
जिला पंचायत, उन्नाव
अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, उन्नाव

अध्यक्ष
जिला पंचायत, उन्नाव।

# विशाल भंडारे के साथ श्री विष्णु महायज्ञ का हुआ समापन,हजारों भक्तों ने चखा प्रसाद

**अमन लेखनी समाचार**



गरौठा। लखेरी नदी के पावन तट पर स्थित सप्तेश्वर आश्रम इसकिल पट्ठा में चल रहे सप्तदिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ का शनिवार को विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया।यज्ञ समापन के उपरांत शनिवार को मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचे क्षेत्रवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर 2 बजे से शुरू हुआ भंडारा देर रात तक चलता रहा। मंदिर प्रांगण में लगे विशाल मेले का बच्चों,महिलाओं और युवाओं ने जमकर लुत्फ उठाया।मेले को लेकर खासकर बच्चों में भारी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के समापन दिवस बड़ी संख्या में पहुंचे क्षेत्रवासियों ने मंदिर में विराजमान देवी देवताओं के दर्शन करते हुए महंत केशवदास जी महाराज से आशीर्वाद लिया। सफल आयोजन के लिए महंत केशवदास जी महाराज ने सभी क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से थाना प्रभारी निरीक्षक ककरवई सुरजीत सिंह पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# पति पत्नी दोनों के बैंक खाते से कुल 3 लाख 20 हजार रुपए गायब, मुकदमा दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के वृंदावन योजना सेक्टर 19 में रहने वाली एक महिला और उसके पति के खाते से कुल 3 लाख 70 हजार रुपए निकल गए, पीड़ितो ने कोई ओटीपी भी शेयर नहीं की, अपने साथ ठगी की जानकारी होने पर पीड़ित ने साइबर सेल, बैंक और पीजीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। बिन्दू देवी पत्नी सत्यदेव विश्वकर्मा वृन्दावन योजना सेक्टर 19 ए,/306 में परिवार संग रहती हैं। उन्होंने बताया कि उनका बैंक खाता कल्ली पश्चिम स्थित एच डी एफ सी बैंक कल्ली पश्चिम लखनऊ में है जिसका खाता सं0 50200040042751 है। जो कर्म ए काण्ड राशी एग्रोटेक के नाम है। जिसका आई0एफ0एस0 कोड ल्ठऊ्रऋ30009787 है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त खाते से पांच ट्राजक्शन में अलग अलग धनराशि 2 लाख 50, हजार रुपए निकाले गये । प्रार्थी द्वारा कोई ओ०टी०पी० शेयर नही किया गया है। पीड़ित परिवार का कहना था कि इस दौरान हम लोग जाडो की छुट्टी मे सपरिवार गाँव गये हुए थे । उसी दौरान यह घटना घटित हुई । उनके पति सत्यदेव विश्वकर्मा का एसवीआई, पीजीआई, लखनऊ में खाता है। जिसके खाते से 70000/- रुपए प्रार्थी के बिना ओ०टी०पी० शेयर किये खाते से रुपए निकाला गया। पीजीआई कोतवाली पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



# बॉर्डर 2 का ट्रेलर देख खड़े हुए रोंगटे, सनी के कायल हो गए फैंस

मुंबई। फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर फैंस के बीच रिलीज से पहले ही क्रेज देखा जा रहा है। फिल्म का ट्रेलर सामने आए तो फैंस काफी खुश हुए। बॉर्डर 2 के ट्रेलर में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी आर्मी, नेवी और एयरफोर्स ऑफिसर के रूप में नजर आए। सभी की एक्टिंग की झलक ट्रेलर में देखने को मिली। लेकिन, फैंस को सबसे ज्यादा सनी देओल ही भाए। एक यूजर्स ने लिखा, 'सनी देओल स्क्रीन पर ईमानदारी से अभिनय करते हैं।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'सनी देओल की स्क्रीन प्रेजेंस सॉलिड है।'इसी तरह के कमेंट्स कई फैंस ने सनी देओल को लेकर किए। खास ट्रेलर में सनी देओल के कहे गए डायलॉग सोशल मीडिया यूजर्स को काफी पसंद आए हैं। वहीं, कुछ लोगों को दिलजीत दोसांझ भी एयरफोर्स ऑफिसर के रोल में खूब जंचे। फिल्म के ट्रेलर में वरुण धवन और अहान शेट्टी का अभिनय भी दर्शकों को पसंद आया। कुल मिलाकर सभी एक्टर्स, अपने-अपने किरदारों में खूब जमे हैं। फिर 'बॉर्डर के फैंस रहे लोग, 'बॉर्डर 2' को लेकर एक्साइटेड हैं।

लाइफ Style



# भूमि
## वेब सीरीज में दिखेगा बेखौफ अंदाज

मर्डर मिस्ट्री थ्रिलर 'दलदल' सीरीज का खौफनाक टीजर रिलीज हो चुका है। इस क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज में भूमि पेडनेकर का दमदार लुक देखकर फैंस सरप्राइज हो गए हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'दलदल' के फर्स्ट लुक पोस्टर के बाद शुक्रवार को निर्माताओं ने इसका दमदार टीजर रिलीज कर दिया है। इसके टीजर को देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। वेब सीरीज 'दलदल' के टीजर में भूमि पेडनेकर डीसीपी रीता फरेरा के रूप में एक क्रूर हत्यारे का पीछा करते हुए एक जोखिम भरे खेल में नजर आती हैं। मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित यह सीरीज मुंबई क्राइम ब्रांच की नवनियुक्त डीसीपी रीता फरेरा की कहानी बताती है, जिनका किरदार भूमि सतीश पेडनेकर ने निभाया है।

रीता फरेरा को एक बेरहम हत्यारे से लड़ते हुए अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। 'दलदल' सीरीज में भूमि पेडनेकर के अलावा समारा तिजोरी और आदित्य रावल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'दलदल' का प्रीमियर 30 जनवरी को भारत में और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों में प्राइम वीडियो पर होगा। बेस्टसेलर किताब 'भिंडी बाजार' पर आधारित 'दलदल' को सुरेश त्रिवेनी ने लिखा है और विक्रम मल्होत्रा और त्रिवेनी ने प्रोड्यूस किया है। इसका निर्देशन अमृत राज गुप्ता ने किया है।

हॉलीवुड मसाला



# जोई सल्डाना ने तोड़ा स्कारलेट जोहानसन का रिकॉर्ड

लॉस एंजिल्स। 'अवतार' की नेत्री और एमसीयू की गमोरा ने नया इतिहास रचा है। जी हां, इन दोनों किरदारों को निभाने वाली जोई सल्डाना अब हॉलीवुड की सबसे अधिक कमाई करने वाली एक्टर बन गई हैं। उन्होंने स्कारलेट जोहानसन को पछाड़कर यह मुकाम पाया है। 47 साल की जोई को यह उपलब्धि उनकी हालिया ब्लॉकबस्टर 'अवतार: फायर एंड ऐश' के कारण मिली है। जेम्स कैमरून की इस फिल्म ने एक्ट्रेस के पूरे कॅरियर के ग्लोबल बॉक्स ऑफिस कमाई को $16.8 बिलियन यानी 151530 करोड़ रुपए के पार पहुंचा दिया है। साल 1999 में 'लॉ एंड ऑर्डर' टीवी सीरज से एक्टिंग कॅरियर शुरू करने वाली जोई को अब तक 1 ऑस्कर अवॉर्ड, एक बाफ्टा अवॉर्ड, एक गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड, एक सीएजी अवॉर्ड और एक कान फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड मिल चुके हैं। वह 'टाइम' मैगजीन की 2023 की दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में जगह बना चुकी हैं।




# 'एवेंजर्स: डूम्सडे' के लिए लाइव काउंटडाउन शुरू

लॉस एंजिल्स। यदि आप मार्वल स्टूडियो और सुपरहीरोज के फैन हैं, तो आपको भी यूट्यूब पर स्क्रॉल करते हुए अचानक एक सरप्राइज मिला होगा! मार्वल स्टूडियो ने अपनी अगली रिलीज 'एवेंजर्स: डूम्सडे' के लिए एक लाइव काउंटडाउन शुरू किया है। अभी इस फिल्म की रिलीज में पूरे 11 महीने की दूरी है। ऐसे में मन में सवाल उठता है कि फिर इतना लंबा काउंटडाउन क्यों? यकीनन, यह एक्साइटमेंट बढ़ाने वाला है, खासकर तब जब हजारो फैंस हर दिन कुछ ना कुछ देर तक इस काउंटडाउन पर घड़ी की 'टिक-टिक' की रहस्य जगाती आवाज सुन रहे हैं। अब फैंस की थ्योरी ये है कि फिल्म का टाइटल, डूम्सडे, सिर्फ डॉक्टर डूम के बारे में नहीं है। यह मार्वल यूनिवर्स के अंत का काउंटडाउन है। असल दुनिया में, 'डूम्सडे क्लॉक' जलवायु परिवर्तन, परमाणु युद्ध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे कारकों से प्रभावित होती है। इसी तरह 'एवेंजर्स: डूम्सडे' का काउंटडाउन, एमसीयू और इसके मल्टीवर्स के अंत का सूचक हो सकता है। हमने 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस' में इनकर्शन के बारे में सुना है।



# वीर से ब्रेकअप की खबरों के बीच पहली बार नजर आईं तारा

मुंबई। तारा सुतारिया इन दिनों अपने ब्रेकअप को लेकर सुर्खियों में हैं। वीर पहाड़िया से ब्रेकअप की खबरों के बीच अब पहली बार तारा सुतारिया नजर आईं। वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया एक बार फिर चर्चाओं में हैं। अक्सर अपने रोमांटिक पल और अफेयर को लेकर चर्चाओं में रहने वाला ये कपल, इस बार अपने ब्रेकअप की खबरों को लेकर चर्चाओं में हैं। पिछले लगभग एक हफ्ते से तारा और वीर के ब्रेकअप की खबरें सोशल मीडिया में छाई हुई हैं। इस बीच वीर अकेले नजर भी आए और उन्होंने एक क्रिप्टिक पोस्ट भी साझा की। अब ब्रेकअप की रूमर्स के बीच पहली बार तारा सुतारिया पैप्स के कैमरे में कैद हुई हैं। अपनी फर्स्ट पब्लिक अपीयरेंस में तारा अकेली ही नजर आईं, उनके साथ वीर पहाड़िया इस बार नहीं दिखे। जिसके बाद दोनों के ब्रेकअप की खबरों को और भी बल मिलता है।



# दृश्यम 3 की शूटिंग शुरू इशिता ने शेयर कीं तस्वीरें

मुंबई। अजय देवगन की ऑनस्क्रीन बेटी इशिता दत्ता ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर फिल्म 'दृश्यम 3' के बारे में जानकारी शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। शुक्रवार से इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इशिता दत्ता ने इंस्टाग्राम पर 'दृश्यम 3' के सेट से दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर 'दृश्यम 3' के क्लैपबोर्ड की है और दूसरी तस्वीर में इशिता अपनी वैनिटी वैन के सामने खड़ी नजर आ रही है। इन तस्वीरों के साथ इशिता ने कैप्शन में लिखा, 'क्या मुझे और कुछ कहने की जरूरत है। फिल्म 'दृश्यम 3' में पहले फिल्म के स्टार्स नजर आएंगे, जिनमें अजय देवगन, इशिता, तब्बू और श्रिया सरन मुख्य भूमिका में दिखेंगे। यह सस्पेंस थ्रिलर सीरीज का तीसरा और आखिरी हिस्सा होगा, जिसके लिए लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

टीवी मसाला



# व्हील ऑफ फॉर्च्यून: अक्षय लेकर आए पैसे कमाने का नया तरीका

नई दिल्ली। नए रियलिटी टीवी शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' का प्रोमो आ गया है, जो चर्चा बटोर रहा है। यह शो 27 जनवरी से शुरू होगा और इसे अक्षय कुमार होस्ट करते नजर आएंगे। अक्षय कई साल बाद टीवी पर बतौर होस्ट वापसी कर रहे हैं। साथ ही वह इस शो के जरिए दर्शकों के लिए नए तरीके से पैसे कमाने का मौका लेकर आए हैं। 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' के प्रीमियर से पहले मेकर्स ने प्रोमो शेयर किया है, जिसमें अक्षय कुमार शो के फॉर्मेट के बारे में बताते नजर आ रहे हैं। 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' का प्रोमो शुरू होता है तो अक्षय कुमार तीन कंटेस्टेंट्स के साथ बात करते नजर आते हैं। वह उनसे कहते हैं, 'मैं आप तीनों के लिए एक नई कैटिगरी लेकर आया हूं- पति पत्नी। फिर बजर टाइम का ऐलान करते हैं और व्हील ऑफ फॉर्च्यून दिखाते हैं। इसके बारे में अक्षय कहते हैं- स्पिन करो और विन करो। खास बात यह है कि अगर व्हील स्पिन करने पर नाग आ गया तो कंटेस्टेंट ने जितना भी पैसा जीता है, वह वापस चला जाएगा यानी कंटेस्टेंट से छिन जाएगा। प्रोमो में दिखाया गया है कि पहले कंटेस्टेंट को अक्षय कुमार एक पहेली सुलझाने का टास्क देते हैं। कंटेस्टेंट जो अक्षर बताता है, उसके साथ ही वह व्हील को घुमाता है। व्हील पर अलग-अलग रकम लिखी है और जहां-जिस रकम पर व्हील घूमने के बाद रुकेगा, उतनी रकम कंटेस्टेंट जीत जाएगा।

## लोगों ने पूछी काला नमक चावल की रेसिपी

नई दिल्ली। अर्चना पूरन सिंह एक बार फिर अपने नए व्लॉग को लेकर आ चुकी हैं। और इस बार उनके पति ही उनका मजाक उड़ाते नजर आए, वो भी शराब पीने को लेकर। अर्चना ने कहा कि कपिल शर्मा ने उनका नाम



खराब किया है। फिर लोगों ने उनसे काला नमक चावल की रेसिपी पूछी। अर्चना पूरन सिंह अपने यूट्यूब चैनल पर 'आप का परिवार' नाम से एक नया व्लॉग लेकर वापस आ गई हैं। इस बार उनका पूरा परिवार घर पर साथ समय बिता रहा है और वे अपने रूटीन को कैमरे में कैद कर रहे हैं। व्लॉग के दौरान, अर्चना और उनके पति परमीत सेठी ने ब्रांड प्रमोशन और घर में कौन ज्यादा जगह घेरता है, जैसे मुद्दों पर मजेदार बातचीत की। डीडीएलजे एक्टर ने यह भी बताया कि एकता कपूर पर उनके खोए हुए अरमानी सूट के 2 लाख रुपए बकाया हैं। व्लॉग की शुरुआत में, सेठी परिवार ने एक साथ फुटबॉल मैच देखा, फिर वे अपने-अपने कामों में लग गए। अर्चना एक ब्रांड के साथ मीटिंग में शामिल हुईं, जिसका वे प्रचार करती हैं, और उन्होंने कहा, 'मीटिंग अच्छी रही।

# ओ रोमियो का पहला गाना रिलीज अरिजीत की आवाज ने बिखेरा जलवा

मुंबई। शाहिद कपूर की आगामी फिल्म ओ रोमियो का पहला गाना 'हम तो तेरे ही लिए थे'शुक्रवार को रिलीज हो गया है। इसके साथ ही विशाल भारद्वाज और गुलजार की जोड़ी एक बार फिर लौटी है, वो भी अरिजीत सिंह की आवाज के साथ। पिछले दिनों रिलीज हुए फिल्म के टीजर में इस गाने की एक लाइन सुनने के बाद से ही फैंस गाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब शुक्रवार को मेकर्स ने ये गाना रिलीज कर दिया है। गाने में तृप्ति डिमरी और शाहिद कपूर के बीच रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली है। ये जोड़ी पहली बार किसी फिल्म में साथ नजर आ रही है। लेकिन गाने में दोनों की केमिस्ट्री देखकर ऐसा लगता है कि ये जोड़ी दर्शकों को पसंद आ सकती है। गाने की शुरुआत में तृप्ति डिमरी का किरदार कहता है, 'कोई कैसे किसी से इतना प्यार कर सकता है?' गाने में प्यार, रोमांस, केयर और इमोशन सबकुछ देखने को मिलता है।



### तृप्ति-शाहिद की रोमांटिक केमिस्ट्री

*शाहिद का रफ लवर का लुक काफी जचता है। वहीं एक झलक अविनाश तिवारी की भी दिखती है। हमेशा की तरह इस बार भी विशाल भारद्वाज की फिल्म में संगीत उन्हीं का है और गाने को लिखा गुलजार ने ही है। इस गाने को आवाज दी है प्यार का पर्याय बन चुके अरिजीत सिंह ने। गाना स्लो-रोमांटिक सॉन्ग है, जिसे आप सुनकर सुकून महसूस कर सकते हैं। विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित 'ओ रोमियो' 13 फरवरी को वेलेंटाइन वीक में रिलीज होगी। फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के अलावा एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और फरीदा जलाल जैसे सितारे शामिल हैं। पिछले दिनों फिल्म का टीजर जारी हुआ था, जिसे काफी पसंद किया गया। अब दर्शक फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।*

# ओटीटी पर इन फिल्मों और सीरीज ने दी दस्तक

नई दिल्ली। शुक्रवार 16 जनवरी को सिनेमाघरों में कई नई फिल्मों ने दस्तक दी है। मगर, इस कड़ाके की सर्दी में क्या आप घर बैठे ही कुछ शानदार देखना चाहते हैं? तो आपके वीकएंड को खास बनाने के लिए कई नई फिल्मों और सीरीज ने दस्तक दी है। सिनेमाघरों में इन दिनों बहार है। धुरंधर का खुमार अब तक उतरा नहीं है। वहीं, शुक्रवार को राहु केतु और हैप्पी पटेल जैसी फिल्मों ने भी दस्तक दी है। मगर, इस सर्द मौसम में अगर आप थिएटर जाने की बजाय घर बैठे ही कुछ रोमांचक देखना चाहते हैं तो ओटीटी के पिटारे में भी काफी कुछ खास है।

### मस्ती 4

लोकप्रिय फ्रेंचाईजी 'मस्ती' की चौथी कड़ी 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। इसे 16 जनवरी से जी5 पर स्ट्रीम किया जाएगा। इसमें रितेश देशमुख, आफताब शिवदासानी और विवेक ओबेरॉय जैसे सितारे हैं।

## यह वीकएंड होगा बेहद खास, मस्ती से 120 बहादुर तक



### 120 बहादुर

फरहान अख्तर की फिल्म 120 बहादुर बीते वर्ष नवंबर में रिलीज हुई थी। इसकी कहानी और सितारों के अभिनय की काफी तारीफ हुई। अब सेना की पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म आज शुक्रवार से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। यह फिल्म आप पूरे परिवार के साथ बैठकर देख सकते हैं।

### भा भा बा

फिल्म 'भा भा बा' का लुत्फ भी आप इस वीकएंड पर उठा सकते हैं। यह 16 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है। बता दें कि फिल्म 18 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें दिलीप और मोहनलाल जैसे साउथ सितारे हैं।

### गुर्रम पापी रेड्डी और कलमकावल

साउथ फिल्म गुर्रम पापी रेड्डी भी लिस्ट में शामिल है। यह फिल्म दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 16 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है। वहीं, ममूटी अभिनीत फिल्म कलमकावल भी 16 जनवरी से सोनी लिव पर स्ट्रीम हो गई है।

### तस्करी द स्मगलर वेब

इमरान हाशमी इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'तस्करी द स्मगलर वेब' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह सीरीज 14 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। अगर आपने नहीं देखी है, तो इस वीकएंड इस क्राइम थ्रिलर सीरीज का लुत्फ उठा सकते हैं। इसमें शरद केलकर, अमृता खानविलकर, नंदिश सिंह संधू, अनुराग सिन्हा और जोया अफरोज अहम भूमिकाओं में हैं।

## प्रोफेशनल लाइफ ही नहीं, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी थे खूब चर्चे

# ओपी को आशा से दिल लगाना पड़ा था भारी! लता से 36 का आंकड़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ओपी नैय्यर फिल्म इंडस्ट्री के वो चमकते सितारे थे जिनके जाने के बाद भी उनके काम की चर्चा आज तक होती है। केवल प्रोफेशनल लाइफ ही नहीं, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी उनके खूब चर्चे थे। आशा भोसले के साथ 14 साल के रिश्ते ने उनकी जिंदगी बदलकर रख दी। परिवार से तो दूर हुए ही। प्यार भी नसीब नहीं हुआ।

### सड़क पर फेंक दिया अवॉर्ड

सिराज खां ने इस बारे में कहा था, 'नैय्यर साहब अपनी कार से वापस लौट रहे थे। उनकी कार में गीतकार एसएच बिहारी बैठे हुए थे। सड़क पर उस समय सन्नाटा था। अचानक नैय्यर साहब ने कार का शीशा नीचा किया और वो ट्राफी फेंक दी जो एक खंभे से टकराई। आखिरी आवाज जो उन्होंने सुनी, जैसे कोई चीज चूरचूर हो जाती है। उन्होंने बगल में बैठे हुए बिहारी साहब से कहा कि ये जो आपने ट्रॉफी टूटने की आवाज सुनी, इसके साथ ही आशा इज आउट ऑफ माई लाइफ... फॉएवर।'

### शमशाद और गीता दत्त से कर लिया था किनारा

ओ पी नैय्यर को नजदीक से जानने वाले सिराज खां ने बातचीत में बताया था, 'मेरा ख्याल है इस तरह का रिश्ता बॉलीवुड क्या हॉलीवुड में भी नहीं हुआ है। उनकी प्रोफेशनल रिलेशनशिप रोमांस में बदल गई और 1958 से लेकर 1972 तक यानी 14 सालों तक उनका साथ रहा। ये बहुत गहरा साथ था। आप सोचिये एक शादीशुदा शख्स जिसके चार बच्चे हैं और एक तलाकशुदा महिला खुलेआम बंबई में घूमा करते थे।' नैय्यर साहब ने खुद भी इंटरव्यू में कहा था, 'ये तो सुना था कि लव इज ब्लाइंड, लेकिन मेरे मामले में लव ब्लाइंड के अलावा डीफ यानी बहरा भी था क्योंकि आशा की आवाज के अलावा मैं और कोई आवाज सुन नहीं पाता था।' यही कारण था कि उन्होंने शमशाद बेगम और गीता दत्त से खुद को किनारे कर लिया था।



### 1952 में आसमान से कॅरियर किया शुरू

साल 1926 में लाहौर में जन्मे ओपी नैय्यर ने 1952 में 'आसमान' फिल्म से अपना कॅरियर शुरू किया, लेकिन उन्हें असली पहचान गुरु दत्त की फिल्मों से मिली। 'रिदम किंग' और 'ताल का बादशाह' कहे जाने वाले नैय्यर ने 'आर पार', 'मिस्टर एंड मिसेज 55', 'सीआई डी' और 'तुम सा नहीं देखा' जैसी फिल्मों के लिए काम किया और उनके काम ने उन्हें हर तरफ जगमगा दिया। जितनी उनके प्रोफेशनल लाइफ की चर्चा होती थी, उतनी ही पर्सनल लाइफ की भी। आशा भोसले के साथ उनके रिश्ते ने उनकी जिंदगी को झकझोरकर रख दिया। उसके बाद न तो वो अपने परिवार के रहे और न ही आशा भोसले के हो पाए। आशा भोसले को सुपरहिट बनाने का श्रेय अगर किसी को दिया जा सकता है तो वो थे ओपी नैय्यर। उन्होंने आशा की आवाज और रेंज का फायदा उठाते हुए उन्हें मौके दिलवाए। उन्हीं की वजह से आशा भोसले को उनकी पहचान मिली जो आज भी हर किसी के दिल में बनी हुई हैं।

### 14 साल तक चला रिश्ता

मशहूर संगीत इतिहासकार राजू भारतन अपनी किताब 'अ जर्नी डाउन मेमोरी लेन' में लिखते हैं, 'ओ पी नैय्यर का आशा भोंसले के प्रति प्यार इस हद तक था कि एक बार उन्होंने बिना कोई शब्द कहे गीता दत्त का फोन रख दिया था। गीता दत्त ने सिर्फ ये पूछने के लिए फोन किया था कि मैंने ऐसी क्या खता की कि अब आप मुझे गाने के लिए नहीं बुलाते? ' ये वही गीता दत्त थीं, जिन्होंने ओ पी नैय्यर की पहले पहल गुरु दत्त से सिफारिश की थी। ओ पी नैय्यर का आशा भोंसले के साथ रिश्ता 14 सालों तक चला। एक जमाने में ओ पी नैय्यर की कैडलक कार में घूमने वाली आशा भोंसले ने 1972 में इस रिश्ते को खत्म करने का फैसला किया।'

### हमेशा के लिए बना ली दूरी

इसके बाद आशा भोसले और ओपी नैय्यर ने एक साथ कभी कहीं कदम नहीं रखा। लेकिन, इससे पहले उन्होंने 'प्राण जाए पर वचन न जाए' फिल्म के लिए एक गाना रिकॉर्ड किया, जिसे 1973 का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। आशा उस इवेंट में नहीं गई थीं। ओपी नैय्यर ने उनकी तरफ से अवॉर्ड लिया और घर वापस लौटते समय उन्होंने वो ट्रॉफी चलती कार से सड़क पर फेंक दी।